राँची, रविवार, 01 सितंबर 2024
संवत 2081, भादपद कृष्ण 13 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-7, अंक 352 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 सोलह पत्तियों का क्यो है महत्व ?
कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया'- 3 रिलीज को तैयार 6

ADMISSION OPEN
2024-25
Offline Registration forms available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.
near Firayalal Chowk, Opp. Hotel Le Lac, Line Tank Road, Ranchi- 834001
www.jkworldschool.com
8002955059, 7785039282
J.K. WORLD SCHOOL
...school for Special Child
We Offer
SPECIAL EDUCATION
SPEECH THERAPY
BEHAVIOUR THERAPY
PHYSIOTHERAPY
OCCUPATIONAL THERAPY
REMEDIAL INTERVENTION
VOCATIONAL TRAINING
ASSESSMENT & COUNSELLING
Day Care
Sports
Yoga Classes
Computer
Dance & Music
Transportation
Art & Craft
Dr. Shweta Pandey

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ः पांच युवती व चार युवक गिरफ्तार




मेट्रो रेज

**कोडरमाः** वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बागीटॉड़ स्थित स्पाइसी होटल में वेश्यावृत्ति का धंधा चल रहा है, जिसमें बाहर से युवतियों को होटल संचालक द्वारा गलत धंधा के लिये बुलाया जाता है। इसे लेकर थाना प्रभारी सुजीत कुमार द्वारा बीती रात्रि जब मामले की जांच की गयी तो वहां पांच युवतियों (एक महिला सहित) एवं चार व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार होटल के बेसमेंट में बाहर से लड़कियों को बुलाकर ग्राहकों को परोसने की गुप्त सूचना मिल रही थी। इस सूचना के आधार पर, कोडरमा पुलिस ने होटल में छापा मारा और मौके से सभी संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही, पुलिस ने होटल संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया है,। होटल से गिरफ्तार सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। होटल के इस अवैध कृत्य पर कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# एटीएम काटकर 25 लाख की चोरी

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तेज की कार्रवाई

मेट्रो रेज

**गुमलाः** जिले के बसिया प्रखंड के कोनबीर में स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से 25 लाख रुपये की चोरी कर ली गयी। चोरों ने गैस कटर मशीन से एटीएम मशीन को काटकर घटना को अंजाम दिया। इसके बाद उसमें आग लगा दी। हालांकि वे उस पैसे को लेकर भागने में असफल रहे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

चोरी के पैसे एक ट्रक में रखकर सभी चोर फरारः जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले बसिया प्रखंड निवासी संजय चौधरी के मालवाहक ट्रक की चोरी की। इसके बाद उसी ट्रक से कोनबीर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम आये और 25 लाख रुपये की चोरी कर ली। फिर उसी ट्रक से सभी लोग फरार हो गये। इस दौरान चोरी की गयी ट्रक कामडारा प्रखंड के बाकूटोली मोड़ के पास शॉर्ट सर्किट हो गयी और स्टार्ट बंद गया। पकड़े जाने के डर से सभी लोग चोरी के पैसे को उसी ट्रक में छोड़कर फरार गये।

आरोपियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस ने तेज की कार्रवाईः रविवार की सुबह जब लोगों ने एटीएम का ताला टूटा हुआ देखा तो इसकी सूचना बसिया थाने को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ नजीर अख्तर, थाना प्रभारी सुनील रविदास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की तहकीकात में जुट गए। इस घटना के बाद आसपास के लोग सकते में आ गये हैं। आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।




### मंईयां योजना को लेकर हाईकोर्ट में दाखिल पीआईएल पर सीएम ने कहा-

## बीजेपी को झारखंड की बहनों से क्या तकलीफ है

**रांचीः** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने के लिए हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सवाल किया है कि आखिर भाजपा राज्य की बहनों की भलाई क्यों नहीं चाहती? आखिर उन्हें मंईयां योजना से इतनी तकलीफ क्यों है? उनकी मुझसे तकलीफ और खीज समझ आती है, पर झारखंडियों के हितों पर लगातार कुठाराघात चिंतनीय है। सीएम ने कहा है कि हम उनकी यह मंशा कभी सफल नहीं होने देंगे।

झामुमो ने बीजेपी पर लगाया गंभीर आरोपः इसी मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सोशल मीडिया पर आरोप लगाया है कि भाजपा के इशारे पर यह किया गया है। झामुमो ने लिखा है कि भाजपा को झारखंडी बहनों की खुशी रास नहीं आयी. वह अपनी पूरी शक्ति लगा कर, झूठ फैला कर, सारे प्रपंच कर हेमंत सोरेन और मंईयां योजना नहीं रोक पाये, तो लग गये हैं अब लटकाओ, भटकाओ और फंसाओ नीति के तहत योजना रद्द करवाने में. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो के इस पोस्ट को एक्स पर रिपोस्ट किया है।

मंईयां योजना पर रोक के लिए हाइकोर्ट में याचिका दायरः मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है। प्रार्थी सिमडेगा निवासी विष्णु साहू की याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार किसी व्यक्ति विशेष को उसके खाते में सीधे राशि नहीं दे सकती है। सरकार जनता के टैक्स से चलती है। जनता से प्राप्त पैसा कल्याणकारी योजनाओं में लगाना होता है। झारखंड में अगले एक-दो माह में विधानसभा का चुनाव संभावित है। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार मतदाताओं को लुभाने के लिए इस तरह की योजना लायी है।




## जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से हटे केसी त्यागी, नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को थमायी जिम्मेवारी

**पटनाः** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से केसी त्यागी ने इस्तीफा दे दिया है। जदयू ने पत्र जारी करके इसकी जानकारी दी है । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को अब पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है । केसी त्यागी के इस्तीफे की वजह भी बतायी गयी है । जदयू की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार, केसी त्यागी ने निजी कारणों से इस पद को त्यागा है । जदयू के महासचिव सह बिहार विधान परिषद सदस्य अफाक अहमद खान की ओर से जारी प्रेस रीलिज में बताया गया कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है । केसी त्यागी के इस्तीफे की पुष्टि करते हुए बताया गया कि उन्होंने पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा निजी कारण से दे दिया है । गौरतलब है कि केसी त्यागी जदयू के कद्दावर और पुराने नेता रहे है। सीएम नीतीश कुमार से भी उनकी करीबी रही है । केसी त्यागी हाल के दिनों में अपने बयानों को लेकर काफी चर्चे में रहे । उन्होंने कुछ बयान एनडीए के लाइन से हटकर भी दिया जो काफी सुर्खियों में बना रहा । पिछले दिनों उन्होंने इजराइल को हथियारों की सप्लाई नहीं करने की वकालत कर दी थी । आरक्षण समेत ऐसे कई मुद्दे रहे जिसपर केसी त्यागी के बयान सुर्खियों में बने रहे ।

**कौन हैं राजीव रंजन प्रसाद? :** राजीव रंजन प्रसाद जदयू के राष्ट्रीय सचिव हैं और बतौर प्रवक्ता पार्टी की ओर से किसी भी मुद्दे पर बेवाकी से अपनी राय रखते हैं. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने उन्हें अब बड़ी जिम्मेदारी थमायी है और केसी त्यागी की जगह राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है।




## इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी जबलपुर से हैदराबाद के लिए भरी थी उड़ान

**नई दिल्लीः** जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो फ्लाइट 6, 7308 को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद फ्लाइट को नागपुर की ओर डायवर्ट कर दिया गया। इंडिगो के अनुसार, नागपुर में लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से विमान से उतार दिया गया और तुरंत ही अनिवार्य सुरक्षा जांच शुरू की गई। सुरक्षा एजेंसियां अब घटना की जांच कर रही हैं, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

इससे पहले 22 अगस्त को मुंबई से तिरुवनंतपुरम जा रहे एयर इंडिया की फ्लाइट में भी बम की धमकी मिली थी, जिसके चलते तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर दी गई थी। विमान की गहन जांच के बाद, सुरक्षा एजेंसियों ने इसे महज एक अफवाह पाया। विमान के शौचालय में ह्यउड़ान में बम हैह्न का संदेश लिखा हुआ टिशू पेपर मिला था, लेकिन बाद में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

## सितंबर के पहले ही दिन महंगाई का झटका 39 रूपये बढ़े एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम

**नई दिल्लीः** आज से सितंबर महीने के शुरूआत हो गई है। सितंबर के पहले ही दिन लोगों को महंगाई का झटका लगा है, क्योंकि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आज एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की है। हालांकि राहत की बात यह है कि यह बढ़ोतरी सिर्फ 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर में हुई है, जबकि 14 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं हुआ है। बता दें कि ऑयल कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 39 रुपए की बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। गैस सिलेंडर की इस बढ़ोतरी के साथ ही देश की राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें 1652.50 रुपए से बढ़कर 1691.50 रुपए हो गई हैं। वहीं, कोलकाता में 38 रुपए की बढ़ोतरी के साथ गैस सिलेंडर की कीमत 1764.50 रुपए से बढ़कर 1802.50 रुपए हो गई है। मुंबई में 1605 से बढ़कर 1644 रुपए और चेन्नई में गैस सिलेंडर की कीमत 1817 रुपए से बढ़कर 1855 रुपए हो गई है।



## पत्नी और साली को पहले मारी गोली, फिर खुद की आत्महत्या

**पटनाः** जिले के पंडारक थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और साली को गोली मारने के बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बिहारीबीघा गांव में दीपक कुमार (28) ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी (24) और साली गुड़िया कुमारी को गोली मार दी। इस घटना में लक्ष्मी देवी की मौत हो गई जबकि गुड़िया गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद दीपक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

सूत्रों ने बताया कि घायल महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दीपक कुमार नालंदा जिले के बिहारशरीफ का रहने वाला था। वह दो महीना से बिहारीबीघा गांव स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। दीपक कुमार अपनी पत्नी को अपने घर चलने को कहता था लेकिन उसकी पत्नी जाने को तैयार नहीं थी। इसी आक्रोश में दीपक ने पत्नी और साली को गोली मार दी और फिर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौके से हथियार और खोखा बरामद किया गया है।शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## कांग्रेस नेता ने परिवार साथ मिलकर खाया जहर, चार की मौत

,3,बॉटम

**जांजगीर :** छत्तीसगढ़ से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक कांग्रेस नेता ने अपने परिवार के साथ खुदकुशी कर ली है। घटना जांजगीर-चांपा जिले की है। यहां कांग्रेस नेता ने पत्नी और दो बेटों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इसमें बड़े बेटे की तुरंत मौत हो गई जबकि कांग्रेस नेता, उनकी पत्नी और छोटे बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही थी। उन्हें गंभीर हालत में बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां तीनों ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया।



चारों की पहचान 66 साल के कांग्रेस नेता पंचराम यादव, 55 साल की उनकी पत्नी दिनेश नंदनी यादव, 28 साल के बेटे नीरज यादव और 25 साल के सूरज यादव के तौर पर हुई है। इन सभी ने 30 अगस्त को एक साथ जहर खा लिया था। बताया जा रहा है कि पूरा परिवार कर्ज से परेशान था और इसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

किसी को पता न चले इसलिए उन्होंने सामने दरवाजे पर ताला लगा दिया था और पीछे के दरवाजे से वापस जाकर वहां का दरवाजा भी अंदर से बंद कर दिया था। इस खुलासा तब हुआ जब पड़ोस में रहने वाली एक लड़की उसके घर गई। दो-तीन बार आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तो उसे कुछ अनहोनी की आशंका हुई और आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। जब पड़ोसी और उसके स्वजन घर अंदर गए तो सभी गंभीर अवस्था में पड़े हुए थे।

## पिकअप ने स्कूटी सवार दो चचेरी बहनों को ठोका, एक की मौत

**चाईबासाः** महुलसाई (मतकमहातु) में रविवार की सुबह एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने स्कूटी सवार दो लड़कियों को ठोक दिया। इस दुर्घटना में एक लड़की की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद स्कूटी चालक ने करीब 400 मीटर तक घसीटा। लड़की की दर्दनाक मौत से स्थानीय लोग भयभीत हो गए। दूसरी घायल हो गयी। स्थानीय लोगों ने पिकअप वैन के चालक को पकड़कर खंभे से बांध दिया और पुलिस को सूचित कर दिया। घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों खूंटा गांव की हैं और चचेरी बहन हैं। घटना को देखने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लड़की को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। घटना के पश्चात परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिवार में शोक की लहर है।

## न्यूज ब्रीफ



### सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

**रांची:** सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 5 कर्मी श्यामल घोष, महाप्रबंधक (सीपी), वाश्री कस्ट्रकशन विभाग; डॉ। सुशील कुमार, सीएमएस, गांधीनगर अस्पताल; संजय कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), योजना एवं परियोजना विभाग; स्वीटी भेंगरा, कार्यालय अधीक्षक ए, एनईई ए/सीएस विभाग; राजेश कुमार सिंह, अकांउटेंट-ए, वित्त (मुख्यालय) विभाग को आज सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। अगस्त माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 75 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें आज ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों के कायार्नुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं। निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंन सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

### एक्सआईएसएस में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची:** जेसीआई रांची ने एक्सआईएसएस, आक्सिस एवं रोटरैक्ट क्लब ऑफ सोशल रिवॉलयूटियन के साथ मिलकर शनिवार को एक्सआईएसएस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस नेक अभियान के दौरान संस्था के स्टाफ, छत्रों और रक्तदाताओं द्वारा 94 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर के मुख्य अथिति झारखंड सरकार के समाज कल्याण विभाग निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा की हमारा जीवन हमारे रगों में दौड़ रहा है और रक्तदान कर हम दूसरों का जीवन भी बचा सकते हैं। जेसीआई राँची के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा रक्तदान हमारे समाज सेवा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लोगों को जब इसकी जरूरत पड़ती है तब इस बात का अनुभव होता है कि रक्तदान हम सभी के लिए कितना महत्वपूर्ण है। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि जरूरतमंद लोगों को ब्लड बैंक में रक्त नहीं होने की वजह से नहीं मिल पाता, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने की जरूरत है और हमारा प्रयास आगे भी रक्तदान शिविर लगाने का रहेगा। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्राउड डोनर का सर्टिफिकेट , नाश्ता का पैकेट एवं फ्रेश जूस दिया गया। इस शिविर में सचिव मयंक अग्रवाल, कार्यक्रम संचालक अंकित मोदी, रोहित दयानी, सृजन हेतमसरिया एवं अग्निश मित्रा उपस्थित थे। साथ ही एक्सआईएसएस, आक्सिस और आरसीएसआर के जनप्रतिनिधि ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया। उक्त जानकारी जेसीआई रांची के प्रवक्ता अमन पोद्दार ने दी।

### टुटकी से न्याय अधिकार सह झारखंड नव निर्माण यात्रा ने किया प्रस्थान



**मुरी :** सिल्ली टुटकी से आज न्याय अधिकार सह झारखंड नव निर्माण यात्रा के लिए उलिहातु प्रस्थान किया गया। जो उलिहातु पहुंच फिर इक्कठ्ठा हो कर सिल्ली शहीद रधुनाथ महतो स्थल पहुंचेंगे। 60-40 नाम चलते के सपना को सकार करने को लेकर भी यात्रा किया जा रहा है। सभी झारखंडी के सपना साकार हो इस यात्रा का उद्देश्य भी है। सिल्ली से काफी संख्या में लोग टुटकी में जामा होकर एकता का परिचय दिया।

### नशीले इंजेक्शन की खरीद बिक्री करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रामगढ़ :** नशीले इंजेक्शन की खरीद बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिले के एसपी अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की और रामगढ़ थाना क्षेत्र के कैथा शिव मंदिर के पास भवानी सिंह को पकड़ा। इस दौरान अन्य व्यक्ति भाग निकले। पकड़े गये व्यक्ति के पास से 26 पीस पेंटा जोसाइन इंजेक्शन (नशीला इंजेक्शन) बरामद किये गये। बरामद इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया गया कि नशीला इंजेक्शन यहां से अभी भाग गये व्यक्तियों के द्वारा गुमटी मालिक को दिया जाता है। यह इंजेक्शन गुमटी मालिक और वह बिक्री करते हैं, गुमटीनुमा दुकान से दो मोबाईल फोन एवं चार्जर भी बरामद हुए।

झारखंड कॉन्स्टेबल भर्ती

# शारीरिक परीक्षण के दौरान 10 अभ्यर्थियों की मौत का दावा, बीजेपी की मांग- न्यायिक जांच हो

मेट्रो रेज

**रांची :** भाजपा ने आबकारी विभाग की कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण के दौरान 10 उम्मीदवारों की मौत होने का दावा किया है। राज्य भाजपा ने आरोप लगाया है कि इसके पीछे का कारण अधिकारियों का कुप्रबंधन है। भाजपा ने मामले की न्यायिक जांच के साथ ही आश्रितों को नौकरी की मांग की है। वहीं, पुलिस ने शनिवार को शारीरिक परीक्षण के दौरान कुछ अभ्यर्थियों की मौत होना बताया है। हालांकि, पुलिस ने यह जानकारी नहीं दी कि कितने अभ्यर्थियों की मौत हुई है।



पुलिस ने एक बयान में कहा कि झारखंड उत्पाद शुल्क कॉन्स्टेबल प्रतियोगी परीक्षाओं के तहत शारीरिक परीक्षण रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और साहेबगंज जिलों के सात केंद्रों में चल रहे थे। सभी केंद्रों पर चिकित्सा टीमों, दवाओं, एम्बुलेंस और पीने के पानी सहित पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। दुर्भाग्य से, शारीरिक परीक्षण के दौरान कुछ केंद्रों पर कुछ अभ्यर्थियों की मौत हो गई। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मौतों के असली कारणों का पता लगा रही है।

वहीं, झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शारीरिक परीक्षण के दौरान 10 अभ्यर्थियों की मौत का दावा किया है। उन्होंने मामले की न्यायिक जांच के अलावा मृतक आश्रितों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग की है।

मरांडी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'उम्मीदवारों को आधी रात से कतारों में खड़ा किया जा रहा है और अगले दिन चिलचिलाती धूप में दौड़ना पड़ रहा है। भर्ती केंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। सरकार को मृतक युवक के आश्रितों को तुरंत मुआवजा और नौकरी देनी चाहिए। साथ ही इस गंभीर मामले की न्यायिक जांच भी करानी चाहिए।

## रांची ग्रामीण एसपी ने महिला कर्मियों को अपराध व इसके रोकथाम को लेकर किया जागरूक



मेट्रो रेज

**रांची :** रांची पुलिस ने महिला अपराध की रोकथाम को लेकर महिला कर्मियों को जागरूक किया। शनिवार को एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर ग्रामीण एसपी ने बुंडू के कल्याण गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षणार्थी और खरसीदाग में अरविंद मिल फैक्ट्री में कार्यरत महिला कर्मियों को जागरूक किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध, साइबर अपराध, बाल विवाह व इसके दुष्परिणाम, मानव तस्करी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध, अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधान और सुरक्षा सुविधा के बारे में जानकारी दी गयी।

डायल 112 के बारे में दी गयी जानकारीः प्रशिक्षणार्थी के बीच डायल 112, डायल 100, साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए डायल 1930, एटीएम बैंक, शिक्षण संस्थान और अन्य स्थानों में लगे क्यूआर कोड के बारे में बताया गया।



### ढाब के गढ़वा नदी का जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

**कोडरमाः** जिले के डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत महेशपुर- सतगावां मुख्य मार्ग स्थित ढाब के नजदीक गढ़वा नदी का झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह कोर कमेटी सदस्य राजेश राज उर्फ राज मेहता ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा की इस मार्ग पर गढ़वा नदी मे बरसात के दिनों मे बाढ़ जैसे हालात हो जाते हैं जिस कारण आवागमन बाधित हो जाता है। और और सतगावां प्रखंड और ढाब पंचायत का कोडरमा और डोमचांच का आवागमन बाधित हो जाता है। इन्होंने उक्त स्थल पर पुल निर्माण का मांग किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले का कमजोर प्रतिनिधित्व हर मोर्चे पर विफल है।

## पत्नी के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोहरदग्गाः** अपनी पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि विगत 19 अगस्त की रात को आरोपी ने अपनी पत्नी राखी देवी की हत्या कुदाल से काटकर की। घटना को अंजाम देने के बाद गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया। इस घटना पर एसपी हारिस बिन जमां ने एक छापामारी दल का गठन किया। टीम ने टोरी स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम बेनामी मलार उम्र 42 वर्ष पिता नेहरू मलार गुमला जिला अंतर्गत ग्राम पवनी थाना घाघरा वर्तमान पता लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मलार बस्ती पहाड़ टोली बताया। उसने घटना की पूरी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि अभियुक्त के पास से कुछ सामान जब्त किये गये हैं। घटना में प्रयुक्त किया गया कुदाल पूर्व में ही घटनास्थल से जब्त किया जा चुका है। बताया कि हत्यारे पति का पूर्व से कोई आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है। छापामारी दल में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह, सब इंस्पेक्टर पप्पु कुमार और भंडरा थाना के अन्य पुलिसकर्मी और लातेहार जिला की गश्ती टीम शामिल थी।



### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में छात्राओं को मिली साइकिल

**रामगढ़ः** दुलमी प्रखंड की ईचातू पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देव, उप प्रमुख धर्मवीर महतो, भू-अर्जन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार, गंगा चौधरी, राकेश कुमार, 20 सूत्री सदस्य प्रकाश करमाली सहित अन्य गणमान्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारियों द्वारा योजनाओं का लाभ देने लिए राज्य सरकार द्वारा आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विशेषकर ग्रामीण जनता से शिविर में आकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान गणमाण्य लोगों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। शिविर में लाभुकों को अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, फूलो झानो योजना के तहत चेक दिया गया। वहीं, दर्जनों छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। इसके अलावा राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना व अन्य योजनाओं का फार्म लिया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा, मुखिया परमेशवर पटेल, शेख बहादुर, संजय प्रसाद, अल्ताफ अंसारी, कई पंचायत समिति सदस्य एवं अंचल व प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

## कनीय अभियंता दीपक साव मनमाने तरीके से चला रहे हैं झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय : सईद नसीम

मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरी तिलैया (कोडरमा):** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि नगर परिषद के खेल अजीबो गरीब है भष्ट्राचार ही शिष्टाचार का रूप लेता दिखाई दे रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी के स्थानांतरित के बाद भी उनके डिजिटल हस्ताक्षर से निविदाएं खोली जा रही हैं और वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी दर्शक दीर्घा में बैठे नजर आ रहे है उन्होंने कहा कि झुमरीतिलैया नगर परिषद पूर्व कार्यपालक हर्ष वर्धन का स्थानांतरण बीते माह हो गया उसके बाद नए कार्यपालक पदाधिकारी आये इनके आये भी एक माह से ज्यादा हो चुका है लेकिन दिलचस्प बात यह की हर्ष वर्धन



कार्यालय देवघर नगर निगम, देवघर

पत्रांक: 1781/दिनांक: 29.08.2024

प्रेषित,
श्री दीपक कुमार
कनीय अभियंता
झुमरी तिलैया नगर परिषद

विषय: डिजिटल सिग्नेचर पेन ड्राइव वापस करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मेरा डिजिटल सिग्नेचर पेन ड्राइव आपके पास है। मैंने दिनांक 26.07.2024 को ही कहा था कि मेरा डिजिटल सिग्नेचर पेन ड्राइव अविलम्ब वापस कर दें लेकिन आज तक आपके द्वारा उक्त डिजिटल पेन मुझे वापस नहीं किया गया है। एक माह हो चुके हैं। कृपया मेरे पदस्थापन स्थल देवघर नगर निगम में मेरा डिजिटल सिग्नेचर पेन ड्राइव मुझे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

हर्ष वर्धन
सहायक नगर आयुक्त
देवघर नगर निगम, देवघर



जी का डिजिटल हस्ताक्षर पेन ड्राइव आज भी कनीय अभियंता दीपक साव के पास मौजूद हैं जिससे कनीय अभियंता दीपक कुमार ने कई निविदा हर्ष वर्धन जी के देवघर पदस्थापन के बाद उसके डिजिटल हस्ताक्षर से खोला है। जाहिर है निविदा खोलने में तीन डिजिटल हस्ताक्षर की आवशकता होती है। जब कनीय अभियंता दीपक कुमार को डिजिटल हस्ताक्षर पेन ड्राइव की आवश्यकता थी तो निविदा निस्तार समिति के अन्य सदस्यों के डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग किया जाना चाहिए था लेकिन हर्ष वर्धन, पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी के स्थानांतरित के बाद गलत मंशा से अपने मनमानी और हित साधने के लिए स्थानांतरित पदाधिकारी का डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया है। जिसकी आगे भी सम्भवना है। मेरा मानना है जिस तरह से लंबे समय से दीपक कुमार एक ही जगह झुमरीतिलैया नगर परिषद में पांच वर्षों से जमे व डटे हुवे है और कई योजनाओं को देख रहे है नगर परिषद के सृजित छह अभियन्ताओं के पद पर छह कनीय अभियंताओ के स्थायी नियुक्ति के बाद भी अतरिक्त कनिय अभियंता के रूप में दबंगता पूर्वक कार्य कर रहे है ऐसे में इनका सेवा पथ निर्माण विभग में वापस करते हुवे कार्यकाल के हुए सभी योजनाओं की जांच होनी चाहिए कि किन किन सम्वेदको को लाभ पंहुचा कर नगर परिषद के सरकारी राजस्व को चुना लगाया गया है साथ ही मेरी मांग है दिनांक 25 l07 l2024 के बाद जितने भी निविदा में पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी हर्ष वर्धन के स्थानांतरित के बाद इनके डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग किया गया है उन सभी निविदा को निरस्त किये जायें ताकि योजनाओं में पारदर्शिता और नियम संगत बनी रहे ताकि सरकारी राजस्व की बंदर बाट से बचाया जा सके।

# दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

## झारखंड, बंगाल, ओडिशा को होगा फायदा



मेट्रो रेज

**रांची:** रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्व को लेकर स्पेशल ट्रेनों को चलाने का फैसला लिया है। इसके तहत 06089/06090 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-संतरागाछी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से 4 सितंबर से 27 नवंबर तक चलेगी।

बंगाल से चेन्नई के बीच चलनेवाली स्पेशल ट्रेन का टाइम टेबलः यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को दोपहर 1:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 8:50 बजे संतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06090 संतरागाछी-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्पेशल संतरागाछी से पांच सितंबर से 28 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को रात 11:40 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 09:00 बजे एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पहुंचेगी। विशेष ट्रेन का बालेश्वर और खड़गपुर में ठहराव होगा।

**महाराष्ट्र-बंगाल के बीच चलने वाली ट्रेन की समय-सारिणीः** इसी तरह ट्रेन संख्या 01107 एलटीटी मुंबई-संतरागाछी स्पेशल 29 अक्तूबर और 5 नवंबर को एलटीटी मुंबई से रात 8:15 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 05:00 बजे संतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 01108 संतरागाछी-एलटीटी मुंबई स्पेशल 31 अक्तूबर और 7 नवंबर को संतरागाछी से दोपहर 3:50 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 11:45 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। विशेष ट्रेनें झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर और खड़गपुर में रुकेंगी।

**संतरागाछी-जबलपुर-संतरागाछी रद्द रहेगीः** पश्चिम मध्य रेलवे में विकास कार्यों के कारण ट्रेन संख्या 20828 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस 18 और 25 सितंबर को रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस 19 और 26 सितंबर को रद्द रहेगी।

# पारसनाथ में रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को कल चंद्र प्रकाश चौधरी दिखाएंगे हरी झंडी





मेट्रो रेज

**रांचीः** गिरिडीह जिले के मधुबन स्थित जैनियों के सबसे बड़े तीर्थस्थलों में एक और आदिवासियों के मरांग बुरु पारसनाथ जाने वालों के लिए खुशखबरी है। यहां आने वाले लोगों को देश की सबसे तेज और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है।

चंद्र प्रकाश चौधरी कल वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडीः जी हां, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब पारसनाथ स्टेशन पर भी रुकेगी। सोमवार (2 सितंबर 2024) को सुबह साढ़े सात बजे गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पारसनाथ स्टेशन पर रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पारसनाथ स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने दी है।

**2 सितंबर से पारसनाथ स्टेशन पर रुकेगी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनः** ट्रेन संख्या 20887/20888 रांची-वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का पारसनाथ स्टेशन पर 2 सितंबर से ठहराव होगा। रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर आगमन सुबह 7:55 बजे होगा। यह ट्रेन यहां से 7:57 बजे प्रस्थान करेगी।

**वाराणसी से रात को 8:50 बजे पारसनाथ पहुंचेगी वंदे भारत एक्सप्रेसः** वहीं, वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर आगमन रात को 8:50 बजे होगा एवं यहां से यह ट्रेन रात के 8:52 बजे प्रस्थान करेगी। गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी 2 सितंबर को पारसनाथ स्टेशन पर रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का उदघाटन करेंगे।

**सांसद सीपी चौधरी और लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने लिखी थी चिट्ठीः** गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और झारखंड के भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखी थी। इसमें मांग की गई थी कि रांची-वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव पारसनाथ स्टेशन पर दिया जाए। सांसदों की मांग पर रेलवे ने इसकी मंजूरी दे दी।

# जीवित रहना है, तो खुद को बदलते रहना होगा : डॉ संदीप

## जीएन कॉलेज में ऑपरेशनल स्ट्रैटेजिस फॉर न्यू बिजनेस विषय पर व्याख्यान



**रांचीः** गुरु नानक कॉलेज में बीबीए विभाग की ओर से शनिवार को गुरु नानक देव लेक्चर सीरीज के तहत ऑपरेशनल स्ट्रैटेजिस फॉर न्यू बिजनेस विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान हुआ। इसमें आइआइटी आइएसएम के प्रोफेसर डॉ संदीप मंडल ने अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्ट्रैटेजिक फॉर्मूलेशन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि तेजी से बदलती हुई दुनिया (डायनेमिक एनवायरनमेंट) में अगर सबको जीवित रहना है, तो अपने आप को बदलते रहना होगा। कार्यक्रम की शुरूआत कॉमर्स विभाग के एचओडी प्रोफेसर संतोष कुमार के स्वागत भाषण दिया। मंच का संचालन स्नेहल गोस्वामी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बीबीए कोऑर्डिनेटर, प्रोफेसर संजय सिन्हा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो अमरजीत सिंह, डॉ रंजना दास, प्रोफेसर दीपक कुमार, डॉ मीना मालखंडी, डॉ नीता ओझा, प्रो सोनू प्रसाद यादव, डॉ वर्षा सिंह, प्रोफेसर साधना के अलावा अन्य शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

**बीसीए विभाग का पीटीएम :** गुरु नानक कॉलेज के बैंकमोड़ परिसर में हर वर्ष की भांति बीसीए विभाग द्वारा शिक्षक-अभिभावक मिलन का आयोजन किया गया। मौके पर कॉलेज के महिला विंग की प्रो-इंचार्ज डॉ रंजना दास, कोऑर्डिनेटर प्रो पुष्पा तिवारी, विभाग से प्रो उदय सिन्हा, प्रो प्रियंका, प्रो सोनी, प्रो शिल्पा, प्रो चंदन व प्रो कौशिक ने अभिभावकों से बात-चीत करते हुए उनके बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

# क्यों मनाई जाती है हरतालिका तीज जाने इस दिन का महत्व और कथा

मनोज कुमार पांडेय



**हरतालिका** तीज सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं के सबसे बड़े पर्व में से एक है। हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का विशेष महत्व है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरतालिका तीज मनाई जाती है। ये पर्व भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ा है। इस दिन भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा करते हैं। महिलाएं तीज में निर्जला व्रत रखती हैं और पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस बार हरतालिका तीज 6 सितंबर 2024 को मनाई जा रही है। इस दिन सुहागिन महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और उनके पूरे परिवार की मिट्टी की मूर्तियां बनाकर घर में मंदिर में स्थापित करते हैं। माता का श्रृंगार किया जाता है। महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं, हाथों पर मेहंदी रचाती हैं और रात में माता गौरी की पूजा करती हैं। सुहागिनों के साथ ही कुंवारी लड़कियां भी इस दिन उपवास करती हैं।

**कब,क्यों और कैसे मनाया जाता हैः** हिंदू पंचांग के मुताबिक, हरतालिका तीज भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस साल 5 सितंबर दिन गुरुवार को दिन 10 बजकर 6 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 6 सितंबर दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 9 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर हरतालिका तीज का व्रत 6 सितंबर दिन शुक्रवार को है।

**क्यों मनाई जाती है हरतालिका तीज :** सौभाग्यवती महिलाएं अपने सुहाग को अखंड बनाए रखने के लिए हरतालिका तीज का व्रत करती हैं। अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए इस दिन उपवास करती हैं। हरतालिका तीज को मनाने का एक कारण माता पार्वती और भगवान शिव हैं। मान्यता है कि माता पार्वती ने ही सबसे पहले हरतालिका तीज का व्रत करके भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। माता पार्वती का अनुसरण करते हुए महिलाएं शिवजी और माता पार्वती जैसा दांपत्य जीवन पाने की कामना करती हैं।

**कैसे मनाई जाती है हरतालिका तीजः** हरतालिका तीज के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान के बाद स्वच्छ कपड़े पहनें। फिर हाथ में जल लेकर व्रत करने का संकल्प करें। माता पार्वती, शिव जी और गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाकर एक चौकी पर स्थापित करें। देवी पार्वती को वस्त्र, चुनरी और अन्य श्रृंगार के सामान से तैयार करें। फिर फूल, धूप, चंदन अर्पित करें। शिव जी को भांग, धतूरा और सफेद फूल अर्पित करें। पूरा दिन निर्जला उपवास के बाद रात में भजन कीर्तन और फिर मुहूर्त पर पूजा करें।

हरतालिका तीज में करें इन मंत्रों का जापः उपवास के दौरान आप मंत्रों का जाप कर सकते हैं। भगवान शिव की पूजा करते समय 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें। मां पार्वती का पूजन करते समय 'ॐ उमायै नमः' मंत्र का जाप करे !


**झारखण्ड सरकार**
**लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
दूरभाष सं. 06546-298028, 263408,
c-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in

ई०-निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, चीनी, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०-निविदा का आमंत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा(दिनांक-01.01.2025 से 31.03.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि-17.09.2024 से 24.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि-17.09.2024 से 24.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि-25.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/-से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि-25.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि-27.09.2024 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

1. उपरोक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, हजारीबाग के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण
केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग।

PR.NO.334337 Prison(24-25):D


# एसबीयू में भारतीय ज्ञान परंपरा पर एकदिवसीय सेमिनार

**रांचीः** सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में तकनीकी और उच्चतर शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा और इसमें नैक और एनईपी 2020 से जुड़ाव विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन एनआईटी, जमशेदपुर के सहयोग से आईक्यूएसी, एसबीयू द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद आईक्यूएसी के निदेशक सह कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के डीन डॉ संदीप कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए सेमिनार के विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने भारतीय शिक्षण प्रणाली में एनईपी के आने को जरूरी करार दिया। भवेशानंद जी ने भारतीय भारतीय परंपरा में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को शिक्षा में सम्मिलित करने की बात कही, जिससे इसमें त्याग और तप के अलावा जॉय ऑफ गिविंग की भावना पनप सके।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

अति अल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
**PR No.-332848 REO (24-25).D**
पत्रांकः- दिनांक-

अति अल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा संख्याः-06/RE/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/RANCHI/ 21/ 2024-25 | पंचायत चिपरा में कोयल नदी से केसारो गाँव तक पथ निर्माण कार्य। (ल0-1.030 कि0मी0) | 87,17,600.00 | सतासी लाख सत्तरह हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह | द्वितीय |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः-02.09.2024
2.ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः-09.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3.निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-11.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5.ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2360137
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 334346 (REO)24-25*D



**झारखण्ड सरकार ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।**
ई-प्रोक्युरमेंट सूचना
अतिअल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/02/2024-25 (2nd Call)
Pr.No. 332222(Simdega)24-25*D

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | सिमडेगा जिला के प्रखण्ड बानो अन्तर्गत पंचायत रायकेरा, ग्राम-रायकेरा में बैसोर से रेलकुण्डी जाने वाली पथ में रेलकुण्डी नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 259.52800 | 520000.00 | 10000.00 | 18 माह |

वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.09.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 05.09.2024 से दिनांक 18.09.2024 को अपराह्न 3:00बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR 334282 Simdega(24-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, रॉंची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-44/2024-25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.09.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 09.09.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.09.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल-1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Staff Quarter No.-04/19 (Allotted in the Favour of Secretary, Drinking Water & Sanitation Department Near A.G. More, Doranda, Ranchi | 4680400.00 | 93700.00 | 5000.00 | One Month |
| 2 | Renovation Main Building of D.C. Bungalow at Morabadi Ranchi | 4846400.00 | 97000.00 | 5000.00 | One Month |
| 3 | Renovation of Residential office Staff Room, Driver Rest Room, Servant Room & Toilet Block and Painting work of Boundary Wall of D.C. Residence, Morabadi Ranchi | 4855900.00 | 97200.00 | 5000.00 | One Month |
| 4 | Renovation Deputy Superintendent of Police Residence at Circular Road, Ranchi | 3568300.00 | 71400.00 | 5000.00 | One Month |
| 5 | Construction of Staff Quarter and Other Works at Senior Officer Quarter No.-2 at Dindayal Nagar, Ranchi | 2416300.00 | 48400.00 | 5000.00 | One Month |
| 6 | Renovation of Senior Officers Flat No.-1 Near Machlighar, Booty Road, Ranchi | 4722500.00 | 94500.00 | 5000.00 | One Month |
| 7 | Construction of Boundary wall and Parking Tiles in the Campus of Senior Officer's Flat No.-1 to 8 at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 3166600.00 | 63500.00 | 5000.00 | One Month |
| 8 | Renovation of Press Trust of India (PTI) Office at D Type Quarter No.-D1 (RDC Pool) at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 4967600.00 | 99400.00 | 5000.00 | One Month |
| 9 | Renovation of Press Trust of India (PTI) Residence at D type Quarter No-D3 (RDC Pool) at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 4959400.00 | 99200.00 | 5000.00 | One Month |
| 10 | Renovation of Senior Officer's Flat No-4/4 at Kanke Road, Booty Road, Ranchi | 3054800.00 | 61100.00 | 5000.00 | One Month |
| 11 | Renovation Main Building and Boundary Wall (Occupied by Shri Chhavi Ranjan, I.A.S.) at Senior Officer's Quarter No-02/08 at Randhir Verma Chowrk, Booty Road, Ranchi | 3141200.00 | 62900.00 | 5000.00 | One Month |
| 12 | Renovation of Main Building Officer's Flat No-08 at Dindayal Nagar, Booty Road, Ranchi | 4311200.00 | 86300.00 | 5000.00 | One Month |
| 13 | Construction of Kitchen in Out Side Main Building, Shed 2 Nos and other works at Hon'ble EX. C.M. Shri Shibu Soren (Hon'ble M.P. Rajya Sabha) Residence Morabadi, Ranchi | 3992400.00 | 79900.00 | 5000.00 | One Month |
| 14 | Renovation of Office Room, Servant Quarter, Main Building Inner and Outer Paint, Main Gate, Front Lawn and other work in Old Chief Engineer Office Building (Occupied by Hon'ble Minister of Jharkhand MD. Hafijul Hasan) at Deputy Para, Near Kutchary Road, Ranchi | 3850700.00 | 77100.00 | 5000.00 | One Month |
| 15 | Construction of Out House at Quarter No.-A3 at Police Line, Kanke Road, Ranchi | 2673900.00 | 53500.00 | 5000.00 | One Month |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-1, रॉंची।

PR 334301 (Building) 24-25 (D)



हिन्दू पंचांग के अनुसार, हरतालिका तीज का व्रत भादो महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर रखा जाता है। इस साल भादो महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 5 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से शुरू होगी और 6 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 1 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में व्रत 6 सितंबर को रखा जाएगा।

## व्रत रखने से सुहागन स्त्रियों को अखंड सौभाग्य होता है प्राप्त

# सोलह पत्तियों का क्या है महत्व?

हिंदू धर्म में कई तीज मनाई जाती हैं, जिनमें से एक हरतालिका तीज भी है। हरतालिका तीज सुहागन स्त्रियों के लिए काफी मायने रखती है। इस दिन व्रत रखने से सुहागन स्त्रियों को अखंड सौभाग्य प्राप्त होता है और शादीशुदा जीवन में खुशहाली आती है। कुंवारी लड़कियां भी अच्छा वर पाने के लिए ये व्रत रखती हैं। इस व्रत को निराहार और निर्जला किया जाता है। पंडितों का मनाना है कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए किया था।

### 5 या 6 कब रखा जाएगा हरतालिका तीज का व्रत?

हिन्दू पंचांग के अनुसार, हरतालिका तीज का व्रत भादो महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर रखा जाता है। इस साल भादो महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 5 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से शुरू होगी और 6 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 1 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में हरतालिका तीज का व्रत 6 सितंबर को रखा जाएगा। इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की जाएगी।



### पूजा में 16 प्रकार की इच्छपूर्ती पत्तियां महादेव-मां पार्वती को जरूर चढ़ाना चाहिए

हरतालिका तीज व्रत के प्रभाव से महिलाओं को पति की दीघार्यु, परिवार के सुख-शांति और सुयोग्य वर प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। इस दिन पूजा में 16 प्रकार की इच्छपूर्ती पत्तियां महादेव-मां पार्वती को जरूर चढ़ाना चाहिए। इससे गौरीशंकर जल्दी प्रसन्न होते हैं।हरतालिका तीज की पूजा में बेलपत्र, तुलसी, जातीपत्र, सेवंतिका, बांस, देवदार पत्र, चंपा, कनेर, अगस्त्य, भृंगराज, धतूरा, आम पत्ते, अशोक पत्ते, पान पत्ते, केले के पत्ते, शमी के पत्ते भोलेनाथ और पार्वती को विशेषतौर पर चढ़ाना चाहिए।

### हरतालिका तीज व्रत में ऐसे करें पूजा

हरतालिका तीज की पूजा सुबह न कर सूर्यास्त के बाद प्रदोषकाल में की जाती है। साथ ही शिव शंकर, पार्वती और गणेश जी की हाथों से बालू रेत और काली मिट्टी की प्रतिमा बनायी जाती है। पूजा की जगह को फूलों से सजाकर एक चौकी रखकर उस पर केले के पत्ते बिछाएं और शंकर, पार्वती तथा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करें। इसके बाद भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की पूजा करें। इस पूजा में पार्वती जी को सुहाग की सभी वस्तुएं अर्पित की जाती है। तीज की कथा सुनें और रात्रि जागरण करें फिर आरती के बाद सुबह माता पार्वती को सिंदूर चढ़ाएं और हलवे का भोग लगाकर व्रत खोलें। हरतालिका तीज व्रत अखंड सुहाग का प्रतीक होता है। इस व्रत को निर्जला रहा जाता है और व्रत के दूसरे दिन जल ग्रहण किया जाता है। व्रत के सुबह पूजा के बाद जल पीकर व्रत खोला जाता है। इस व्रत की खास बात यह है कि एक बार इस व्रत को प्रारम्भ करने के बाद छोड़ा नहीं जाता है। साथ ही दिन में व्रत रखकर रात में जागरण कर भजन-कीर्तन करना चाहिए।



## 2 सितंबर को शिव और सिद्ध योग में मनाई जायेगी सोमवती अमावस्या



ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या का बेहद महत्व है। इस दिन व्रत, पूजन और पवित्र नदियों में स्नान का भी विशेष महत्व है। महिलाएं सोमवती अमावस्या के दिन पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं।

सोमवार 2 सितंबर को भाद्रपद मास की अमावस्या है। सोमवार को अमावस्या होने से इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। गरुड़ पुराण में बताया गया है कि सोमवती अमावस्या की तिथि पर पितरों का तर्पण करना बहुत शुभ होता है। इस दिन पितरों को तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग के अनुसार भाद्रपद अमावस्या तिथि 2 सितंबर 2024 को सुबह 05:21 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 3 सितंबर को सुबह 07:24 मिनट पर होगा। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अमावस्या में स्नान और दान उदयातिथि में मान्य होता है। इसलिए भाद्रपद अमावस्या 2 सितंबर को मनाई जाएगी। अमावस्या तिथि जब सोमवार के दिन आती है। तब इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। सोमवती अमावस्या के दिन सुबह सूर्योदय से लेकर शाम के 6:20 मिनट तक शिव योग रहेगा। इसके बाद सिद्ध योग रहेगा। ऐसे में अगर आप विधि-विधान पूर्वक भगवान शिव की पूजा सोमवती अमावस्या के दिन करते हैं तो पारिवारिक जीवन में आपको सुखद बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस योग में शिव जी की साधना करने से अक्षय फलों की प्राप्ति भक्तों को होती है। इसके साथ ही भगवान शिव के मंत्रों का जप करना भी आपके लिए हितकारी रहेगा, इससे आपको मानसिक शांति प्राप्त होगी और साथ ही आपके बिगड़ते काम भी बनने लगेंगे।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या का बेहद महत्व है। इस दिन व्रत, पूजन और पवित्र नदियों में स्नान का भी विशेष महत्व है। महिलाएं सोमवती अमावस्या के दिन पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। पितृ दोष निवारण के लिए दिन अत्यंत शुभ माना गया है। इस अमावस्या पर किए गए दान-पुण्य और तीर्थ स्नान से अक्षय पुण्य मिलता है। मन शांत होता है और नकारात्मक विचार दूर होते हैं। इस तिथि पर अपने-अपने क्षेत्रों की पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए और क्षेत्र के पौराणिक महत्व वाले तीर्थों के, मंदिरों के दर्शन करना चाहिए। पूजा-पाठ आदि शुभ काम करना चाहिए। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि अगर हम किसी नदी में स्नान करने नहीं जा पाते हैं तो घर पर पानी में गंगाजल मिलाएं और तीर्थों का ध्यान करते हुए स्नान करें। सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें। इसके लिए तांबे के लोटे में जल भरें और सूर्यदेव को चढ़ाएं। ऐसा करने से भी तीर्थ और नदी स्नान के बराबर पुण्य मिल सकता है। स्नान के बाद जरूरतमंद लोगों को अनाज और गोशाला में धन, हरी घास का दान करें। अमावस्या पर पितरों के लिए धूप-ध्यान करें। घर में दोपहर करीब 12 बजे गाय के गोबर से बने कंडे जलाएं और उसके अंगारों पर गुड़-घी डालें।

# लिवर की गंदगी को डिटॉक्सिसफाई करेगा यह सूप, जानें बनाने का तरीका

खराब जीवनशैली और गलत खानपान के शरीर हेल्दी नहीं रहता है। बाहर का जंक फूड खाने से हमारा शरीर बीमारियों का घर बनता जा रहा है। खासकर लिवर के लिए तो इस तरह के फूड के सेवन से काफी नुकसान होता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक बाहर का जंक फूड और तेल मसालों से बना हुआ खाने से लिवर फंक्शन सही तरीके से काम नहीं करता है। स्ट्रीट फूड खाने से फैटी लिवर, हेपोटोमेगेली (लिवर का बढ़ जाना), पोर्टल हाइपरटेंशन और एसाइटिस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आइए आपको लीवर को हेल्थी और डिटॉक्सीफाइंग करने वाला हेल्दी सूप की रेसिपी बताते हैं। फूलगोभी में इंडोल नामक यौगिक पाया जाता है, जो फैटी लिवर को ठीक करने में मदद करता है। वहीं, चुकंदर और अदरक के पोषक तत्व लिवर को डिटॉक्सिफिकेशन का प्रोसेस शुरू करके गंदगी को आगे बढ़ाते हैं। फिर यह मल व मूत्र के जरिए बाहर निकल सके।



### लिवर डिटॉक्सीफाइंग सूप की सामग्री

- 40 ग्राम फूलगोभी
- अदरक 1/2 इंच
- चुकंदर 1 मध्यम
- गाजर 1 मध्यम
- लहसुन 1 फली
- नींबू 1/2
- धनिया पत्ती एक मुट्ठी
- पानी 500 मिली
- घी 1-2 चम्मच (वैकल्पिक)

### लिवर डिटॉक्सीफाइंग सूप बनाने का तरीका

- आप पहले प्रेशर कुकर में फूलगोभी, अदरक, चुकंदर, गाजर, लहसुन और 500 मिली लीटर पानी पानी डालकर उबाल लें।
- सभी चीजों को प्रेशर कुकर में मिलाने के बाद 3 सीटी तक पकाएं।
- 3 सीटी लगने के बाद कुकर को तुरंत खोले नहीं बल्कि खुद ही प्रेशर रिलीज होने दें। प्रेशर कुकर का ढक्कन खोले और 1/2 नींबू का रस डालें।
- मुट्ठी भर कर धनिया पत्ती से गर्निश करें और इसे गर्मा-गर्म पिएं।
- लिवर को कैसे यह डिटॉक्सीफाई करता है।

## रोजाना काजल लगाने से आंखों को हो सकता है नुकसान!

आमतौर पर महिलाओं को मेकअप और सजने संवरने का काफी शौक होता है। मेकअप करना हम सभी को पसंद होता और नए-नए मेकअप प्रोडक्ट्स यूज भी करते रहते है। आज के समय में सबसे ज्यादा आई मेकअप पसंद किया जाता है। ऑफिस से लेकर पार्टी में जाने के लिए, हम सभी को काजल लगाना काफी पसंद हो सकता है। आइए जानते हैं रोजाना काजल लगाने से कौन-से नुकसान होते है। बाजार में काफी बड़े-बड़े ब्रांड्स के काजल आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन यह जरुरी नहीं है कि इन्हें बनाते समय इस्तेमाल किए जाने वाली चीजें पूरी तरह से नेचुरल हो और आंखो के लिए सुरक्षित हो। काजल को बनाने के लिए कई तरह के केमिकल से भरी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। यह आपकी आंखों में बैक्टीरिया पैदा कर सकता है। इसके साथ ही आपकी आंखों में कई तरह के इन्फेक्शन को पैदा कर सकता है। जब हम सभी रात को सोते हैं तो काजल को रिमूव करना भूल जाते हैं, और इसे ढंग से रिमूव नहीं करते।

## सेलिब्रिटीज की तरह आप भी पोटली बैग कैरी कर मचाएं धूम, स्टाइलिश नजर आएंगी आप

हम सभी को सुंदर दिखना बहुत पसंद होता है, इसके लिए हम सभी अक्सर सेलिब्रिटीज के लुक्स को रिक्रीएट करते हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी हम उन्हें इसीलिए फॉलो करते हैं, जिससे कि उनके लुक्स पर नजर रख सकें। बता दें कि आजकल एक्ट्रेस के पोटली बैग काफी ज्यादा ट्रेंड कर रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री अक्सर लहंगा, सूट और साड़ी आदि आउटफिक के साथ पोटली बैग कैरी करती हैं। ऐसे में अगर आपको भी अपना सामान रखने में समस्या होती हैं, तो आप भी बॉलीवुड एक्ट्रेसस की तरह अलग-अलग डिजाइन में पोटली बैग खरीदकर उसे स्टाइल कर सकती हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ एक्ट्रेस के लुक्स और उनके पोटली बैग के बारे में बताने जा रहे हैं।

### आउटफिट डिजाइन से मैच करें पोटली बैग

बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर अपने आउटफिट को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। करिश्मा के सिर्फ आउटफिट ही नहीं बल्कि उनके बैग भी उतने ही ट्रेंडी होते हैं। करिश्मा ने वेस्टर्न ड्रेस के साथ मैचिंग पोटली बैग को कैरी किया है। आउटफिट के साथ यह बड़ी पोटली काफी अच्छी लग रही है। इस पोटली में एम्ब्राइडरी वर्क हो रखा है। जिसके कारण यह पोटली ट्रेडिशनल टच दे रहा है। मार्केट में आपको 250 से 500 रुपये में इस तरह की पोटली बैग मिल जाएगी, जिसको आप किसी भी आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।



### गोल्डन कलर पोटली बैग

अगर आप गोल्डन वर्क वाले कपड़ों को पहन रही हैं, आप एक्ट्रेस नोरा फतेही जैसी पोटली बैग कैरी कर सकती हैं। आप लहंगे के साथ एम्ब्राइडरी वर्क वाले गोल्डन पोटली बैग कैरी कर सकती हैं। आप चाहें तो इसको साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की पोटली बैग छोटे और बड़े हर तरह के डिजाइन में मिल जाती है। ऐसे में आप इसमें सामान रखने की समस्या नहीं होती है। मार्केट में आपको 200 से 250 रुपये में इस तरह की पोटली मिल जाएगी।

# दिनभर लैपटॉप पर करते हैं काम तो डेली रूटीन में शामिल करें ये योगासन, आंखें रहेंगी हेल्दी

आंखें हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। आज के समय में बहुत सारे लोग दिन भर कंप्यूटर और लैपटॉप पर काम करते हैं और इसके साथ फोन भी चलाते हैं। जिसके कारण स्क्रीन टाइमिंग काफी लंबी हो जाती है और इसका सीधा असर हमारी आंखों पर पड़ता है। ऐसे में आंखें कमजोर होती हैं और चश्मा लग जाता है। इसलिए आप आंखों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए आप डेली रूटीन में कुछ योगासन कर सकते हैं। इन योगासन को करने से न सिर्फ आप शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रहेंगे, बल्कि आपकी आंखों को रोशनी भी बनी रहेगी।



### सर्वांगासन

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आप अपनी डेली रूटीन में सर्वांगासन शामिल कर सकते हैं। इस योगासन का नियमित रूप से अभ्यास करने से सिर की और ब्लड सकुर्लेशन होता है, जिससे आंखों को फायदा मिलता है और स्ट्रेस भी दूर होता है। इसके अलावा भी सर्वांगासन करने के अन्य कई फायदे होते हैं।

### शीर्षासन

आंखों को हेल्दी रखने में शीर्षासन भी काफी लाभकारी माना जाता है। इस योगासन को रोजाना करने से ब्रेन, त्वचा और बालों को भी फायदा मिलता है। हालांकि यह योगासन थोड़ा सा कठिन है और इसके लिए आपको अभ्यास करना पड़ेगा। इससे शरीर का संतुलन भी बनता है और श्वसन तंत्र को भी फायदा मिलता है।

### भ्रामरी प्राणायाम

आंखों की रोशनी को अच्छा रखने के लिए आप रोजाना भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। भ्रामरी प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने से एंग्जायटी और स्ट्रेस दूर होता है और दिमाग को रिलैक्स दिलाने में मदद करता है। इस प्राणायम को करने से एकाग्रता बढ़ती है और दिल को भी फायदा मिलता है। इसको करने से सिरदर्द, माइग्रेन से छुटकारा मिलने के साथ नींद के पैटर्न में सुधार होता है। अगर आप भी पूरा दिन लैपटॉप या कंप्यूचर पर काम करते हैं, तो योगासन के अभ्यास के साथ आप आंखों को हेल्दी रखने के लिए 20-20-20 रूल को फॉलो कर सकते हैं। इसके लिए आपको हर 20 मिनट के बाद 20 फुट की दूरी पर रखी चीज को 20 सेकेंड तक एकटक देखना है। इससे आपकी आंखों को रिलैक्स मिलेगा। इसके अलावा आंखों को रिलैक्स करने के और हेल्दी रखने के लिए काम के बीच में आंखों पर पामिंग कर सकते हैं। इसके लिए हथेलियों को आपस में रब करें और गर्माहट होने पर हथेलियों को आंखों के ऊपर रखें। इस प्रोसेस को 2-4 बार दोहराने से काफा आराम मिलता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### चयनित नव निर्वाचित पदाधिकारीयों कमिटी का गठन

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के जिला शाखा में लिपिक सदस्यों द्वारा चयनित नव निर्वाचित पदाधिकारीयों कमिटी का गठन किया गया।जिसमे जिला संरक्षक -आसिफ इकबाल,जिला अध्यक्ष जय प्रकाश सागर जिला सचिव- मंयक कुमार,जिला कोषाध्यक्ष- मो०इमतियाज अहमद,जिला उपाध्यक्ष-मो सबीहउद्दीन,जिला उप सचिव-ऋषिकेश कुमार,जिला संयुक्त सचिव-नरेश हुडू,जिला संघर्ष मंत्री-नीरज राय बनाया गया है।वही सदस्य के रूप में विजय कुमार,रवि रौशन कुमार,मो०अजहर हुसैन को बनाया।

### 25 केवीए ट्रांसफारमर का हुआ उद्घाटन



**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखण्ड के मोती पहाड़ी बड़ा पंचायत अंतर्गत मोती पहाड़ी में सांसद प्रतिनिधी स्टीफन मुर्मू,झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मराण्डी सचिव गफार अंसारी प्रखण्ड कमिटी के सदस्य सुरेश मराण्डी प्रबोध कुमार हॉसदा पंचायत समिति सदस्य मानुएल हॉसदा वार्ड सदस्य लखन मुर्मू ग्राम प्रधान सिंगराई सोरेन ने संयुक्त रूप से 25 केवीए ट्रांसफारमर का उद्घाटन किया।श्री स्टीफन ने कहा जनता के हितों के ये सभी कार्य सांसद के निर्देश पर पुर्ण किया जा रहा है।ग्रामिणो ने सांसद विजय हांसदा,झामुमो प्रखण्ड कमिटी को गॉव में दोबारा रोशनी आने पर धन्यवाद दिया।

### एखलाक नदीम ने नव पदस्थापित एसपी को बुके देकर किया स्वागत



**साहिबगंज :** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एखलाक नदीम ने जिला में नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को शनिवार को उनके कार्यालय में पहुंचकर फूल का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि नए एसपी से साहिबगंज जिला में पदस्थापन को लेकर स्वागत किया गया है और जिला में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था को इस पर विचार विमर्श किया।उन्होंने बताया की पूर्व के पुलिस अधीक्षक द्वारा भी जिला में अपराध पर अंकुश लगाया गया था और उम्मीद करता हूं कि आपके द्वारा भी अपराध पर अंकुश लगा रहेगा।वहीं एसपी अमित कुमार सिंह ने भी जिला अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि निश्चित रूप से अपराध पर अंकुश रहेगा अपराधियों को जिला छोड़ना पड़ेगा।

### पीएम जेएएनएमएएन की बैठक संपन्न



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम जेएएनएमएएन प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 15 सितंबर तक सभी पीवीटीजी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह गांवों में आंगनवाड़ी सेविकाओं के माध्यम से पीएम जेएएनएमएएन का सर्वेक्षण पूरा किया जाए।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण के दौरान सभी जरूरतमंद परिवारों की पहचान सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि सर्वेक्षण का कार्य समयबद्ध तरीके से किया जाए और इसके लिए आंगनवाड़ी सेविकाओं का सक्रिय सहयोग लिया जाए।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और सर्वेक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अधिकारियों ने बताया कि पीएम जेएएन- एमएएन के तहत सभी पीबीटीजीएस गांवों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। जिसे प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के नाम से जाना जाता है।भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख योजना है।जिसका उद्देश्य देश के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों पीबीटीजीएस को सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर को सुधारना है। इस अभियान के तहत, सरकार उन क्षेत्रों और समुदायों पर विशेष ध्यान दे रही है, जो अब तक मुख्यधारा की विकास योजनाओं से वंचित रहे हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों को सामाजिक, आर्थिक, और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें न्यायसंगत विकास के अवसर प्रदान करना है।इस योजना के तहत, पीवीटीजी गांवों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाता है।जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और बुनियादी सुविधाओं का विकास शामिल है। सरकार की ओर से इन गांवों में सर्वेक्षण किए जाते हैं।ताकि वास्तविक जरूरतों का पता लगाया जा सके और उसी के अनुसार योजनाओं को लागू किया जा सके।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, 20 बाइक जब्त

गढ़वाः गढ़वा एसपी दीपक कुमार के निर्देशानुसार एंटी क्राइम के तहत थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग दौरान 20 दोपहिया वाहनों को थाना में जब्त किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सरकारी निर्देशन अनुसार एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 20 दोपहिया वाहन को जब्त किया गया है। कहा कि वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए उचित कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को सूचनार्थ कर दिया गया। पदाधिकारी के निर्देशानुसार निरंतर वाहनों की जांच की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग हेलमेट जरूर पहनें और वाहन का जरुरी कागजात अवश्य अपने साथ लेकर चलें। वाहन चेकिंग के दौरान एएसआई आलोक कुमार, सविन्द्र नाथ राय, हवलदार संतोष कुमार, पुलिस जवान अरुण प्रकाश बैठा, चालक मिथिलेश तिवारी सहित अन्य दल शामिल थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 1408 आवदेन मिले

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामा।** प्रखंड अंतर्गत सिकटिया और सिमरा पंचायत में शनिवार आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे दिन ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। जामा प्रखंड के सिकटिया एवं सिमरा पंचायत में स्टॉल लगाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आवदेन प्राप्त किए गए। सिकटिया पंचायत में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अंचलाधिकारी अशोक बड़ाइक ने जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत किया और स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके आलावा झामुमो जिला सचिव शिव कुमार बास्की एवं झामुमो युवा नेता बाबुल यादव ने भी शिविर में लगे स्टॉल का निरीक्षण किया और आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इधर सिमरा पंचायत में जिला भू अर्जन पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार एवं बीडीओ डॉ.विवेक किशोर ने शिविर में लगे स्टॉल का निरीक्षण



किया और आम जनों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। सभी स्टॉल में कर्मियो द्वारा योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किया गया एवं प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन किया गया। इस मौके पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आम आदमी की समस्याओं का निष्पादन करने और संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हरेक पंचायत में स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं ताकि सभी लोगों को लाभ मिल सके ब्लॉक नहीं जा पाने वाले ग्रामीणों के समस्याओं और योजनाओं का निष्पादन उनके ही द्वार पर किया जा सके। बता दें कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारग कार्यक्रम के तीसरे चरण में प्राथमिकता के आधार पर। स्टॉल लगाकर झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना,किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,हरा राशन कार्ड,बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य राजस्व, श्रम, विद्युत जाति/आवासीय/आय प्रमाण-पत्र से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें सिकटिया पंचायत में कुल कुल 791आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें 74 का ऑन लाइन इंट्री किया गया। जबकि सिमरा पंचायत में कुल 617 आवदेन प्राप्त किया गया। दोनों पंचायतों में कुल 1408 आवदेन प्राप्त किया गया। इस मौके पर बीडीओ डॉ. विवेक किशोर, सीओ अशोक बड़ाइक,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी,प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मानव कुमार, समन्वयक विकास कुमार मिश्रा अंचल निरीक्षक जितेंद्र कुमार साह , बीपीओ विनोद कुमार, मुखिया गोकुल सोरेन, लंबोदर यादव, विनोद कापरी, महेंद्र मांझी, विकास महरा, सत्यनारायण मांझी, सिकन्दर मंडल, बाबर अंसारी, मसरुद्दीन अंसारी सहित अनेकों कर्मी मौजूद थे।

### पुलिस की शारीरिक जांच परीक्षा में फिर बेहोश हुए अभ्यर्थी

**साहिबगंज :** जैप-09 परिसर में गुरुवार से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के निदेर्शानुसार झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत शुरू हुई उत्पाद पुलिस अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच परीक्षा में शनिवार एक दर्जन से अधिक अभ्यर्थी फिर बेहोश हो गए। आनन फानन में पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रसाद, उपाध्यक्ष मंटू कुमार पासवान, मंत्री नवीन मुर्मू, केंद्रीय सदस्य मनीष कुमार मानवेल उन्हें एम्बुलेंस से ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। मिली जानकारी के अनुसार बेहोश हुए अभ्यर्थियों में बिहार अरवल के विपिन कुमार 22 गढ़वा के मनीष कुमार तिवारी 26 जयपुर के मेलप्रेम 23 कुसमा के रविशंकर साह 20 गिरिडीह के गौतम यादव गिरिडीह, रांची के कौशिक राही 20 रोहतास के बलवंत कुमार 32 लातेहार के रमेश खाल्को 22 चतरा के पंकज कुमार, रांची की आरती कुमारी 32 सहित अन्य शामिल हैं। इधर सदर अस्पताल के चिकित्सक व कर्मी सभी के ईलाज में लगे थे।

## महिलाओं को दिया गया मुर्गी पालन का प्रशिक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामाः** आरसेटी में ग्रामीण महिलाओं को मुर्गी पालन का 10 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें दुमका जिले के विभिन्न प्रखण्डों से कुल 33 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन शनिवार को आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी एवं संकाय सदस्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। निदेशक चौधरी ने सभी प्रशिक्षणर्थियों को सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि आरसेटी का प्रशिक्षण उन सभी के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म है। जो सफल उधमी बनकर खुद का रोजगार करना चाहते है। इस तरह वह खुद के साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकते है। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं आसानी से मुर्गी पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकती है।



मुर्गी पालन एक ऐसा बिजनेस है, जिसको कम पूंजी में, कम समय में, कम मेहनत में और कम जगह में शुरू किया जा सकता है। महिला प्रशिक्षिका सुनीता हेमब्रम ने सभी प्रशिक्षुओं को मुर्गी पालन से सम्बंधित मुगीर्यों के रखरखाव, टीकाकरण, मुगीर्यों में होने वाली सामान्य बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, अमरदीप कुमार कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार सिंह, संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

## लॉबिन हेंब्रम के भाजपा में शामिल होने के बाद लोगों में खुशी का माहौल

**साहिबगंज :** भाजपा में शामिल होने के बाद लॉबिन हेंब्रम के सैकड़ों समर्थक साहिबगंज शहर के सुभाष चौक पर जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिए।मौके कर मौजूद लॉबिन हेंब्रम के प्रतिनिधि मनोज तांती ने कहा कि हमारे बोरियो विधानसभा के लोकप्रिय नेता लोबीन हेंब्रम के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके चाहने वालो में खुशी का माहौल है।मनोज तांती ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में लॉबिन हेंब्रम भाजपा के टिकट पर बोरियो सीट पर चुनाव लड़ेंगे। और भारी मतों से विजयी होंगे। कहा की भाजपा में उनके आने से उनके चाहने वालों में काफी खुशी है,क्योंकि कई सालों से यहां पर बांग्लादेशी घुसपैठ यहां के



आदिवासी बहु बेटियों के साथ शादी विवाह कर उनके हक को मारने का काम कर रहे हैं।जिससे इन दिनों आदिवासी समाज की आबादी घटते दिख रही है ।और यहां की मौजूदा सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ पर रोक लगाने में नाकाम हो रही है।इसलिए बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो की पूरी दमखम के साथ उसे पर लगाम लगा सकती है।बताया कि 3 सितंबर को लोबिन हेंब्रम का आगमन साहिबगंज मुख्यालय में होने जा रहा है और उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

### महेंद्र साह हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज :** महेंद्र साह की पीट-पीट कर हत्या मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी जेएसआई लव कुमार ने गुप्त सूचना पर आरोपी विजय मंडल को दबोच लिया। ज्ञात हो कि मृतक की पत्नी मीणा देवी के बयान पर मामले में कांड संख्या 274/22 के तहत विक्की रविदास, विष्णु मंड़ल, लालू साहनी, पप्पू मंडल, संतोष चौरसिया, बबलू चौधरी, मंगरु मंडल, संजय कुमार मंडल, दिलीप मंडल, अनिता देवी व अंजू देवी, फूलन देवी, जानकी देवी व अन्य को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने पूर्व में मंगरु मंडल, संजय मंडल, दिलीप मंडल, अनिता देवी व अंजू देवी सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## छह साल से लापता तालाबाबू टुडू को पुलिस ने यूपी से किया बरामद



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** महज नौ साल कि उम्र में लापता हुआ था तालाबाबू टुडू छःसाल बाद मिर्जाचौकी पुलिस कि तत्परता से अपने परिजनों से मिला।ताला बाबू टुडू ने परिजनों को बताया की जब सारे घरवाले काम पर गए थे तो वो खेल रहा था।अचानक बच्चा पंचायत का ही सुरेंद्र मड़ैया ने उसे पैसे का लालच देकर आधारकार्ड के साथ बुलाया और बहलाफुलकर दिल्ली ले गया और वहां अनजान व्यक्ति के पास मुझे रख फरार हो गया।फिर उसे दिल्ली से उत्तर प्रदेश के देहाती इलाकों में रखा था।जहां उसे काफी प्रताड़ित किया जा रहा था।और उससे गन्ने के खेतों में काम करवाया जा रहा था।जहां उसे ठीक से खाना भी नहीं दिया जाता और रोने पर मारता था।आपबीती सुनाते सुनाते बड़े भाई रायसेन टुडू के गले लिपट खूब रोया ताला।बड़े भाई भी छः साल बाद लापता भाई से लिपट कर खुश दिखे और मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव कि कार्य कि सहराना की और कहा कि कई दफा कई जगहों पर लापता भाई को ढूंढने के लिए रिपोर्ट कि थी पर किसी का मदद ना मिला।मामला मंडरो प्रखंड के आदिवासी गांव झिरिक टोला निवासी जसाय टुडू के घर का है।जहां लापता तालाबाबू टुडू अपने माता पिता के साथ साथ अन्य तीन भाई बहनों के संग रहता था तालाबाबू टुडू सभी भाई व बहनों में छोटा था।उक्त समय उसकी उम्र महज नौ साल था।मिजाचौकी थाना में दर्ज.रिपोर्ट में लापता ताला बाबू टुडू का भाई रायसेन ने कहा है की 15.जुलाई 2019 को तालाबाबू टुडू को पंचायत के ही सुरेन्द्र मड़ैया नामक व्यक्ति के द्वारा बहलाफुल्कर कर दिल्ली पहुंचाया था।वही मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने मामले को संज्ञान में लिया और एसआई पवन यादव के साथ तहकिकात में जुटे।पुलिस ने हर एक बिंदु पर जांच की तो लापता ताला का पता यूपी में होने की बात सामने आई।पुलिस सहित एनजीओ की टीम वहां पहुंच युवक को वापास लाया और परिजनों को सौंप दिया।मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के नेतृत्व में थाना पुलिस ने ताला बाबू टुडू को हर संभव मदद की।मिजाचौकी थाना प्रभारी के इस बर्ताव से युवक के साथ साथ परिजन काफी खुश दिखे।

## भारतीय जनता पार्टी की आयोजित बैठक संपन्न



**जामा।** भाजपा कार्यालय जामा में शनिवार को जिला मंत्री कालेश्वर लायक के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं एवं मंडल कमेटी के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राजू प्रसाद दर्वे का स्वागत किया तथा सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से संगठन को मजबूती हेतु अपना अपना विचार दिये। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री कालेश्वर लायक ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ कार्य करने एवं संगठन मजबूती को लेकर सक्रिय रूप से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यकर्ता संगठन और कार्यकर्ताओं के ऊपर आरोप प्रत्यारोप ना लगाए, नए पुराने कार्यकर्ता आपस में समन्वय बनाकर काम करें। इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश मुर्मू, कालेश्वर मुर्मू, रामदास मुर्मू, सनत हांसदा, सरबीन कुंवर, शक्ति दर्वे, सिकंदर दर्वे, सुमित्रा देवी, दुर्योधन राय, मनोहर राय, दुर्योधन राय, सनत मुसुप, धनंजय प्रसाद यादव, श्रवण मंडल, मनोज हेम्ब्रम, मसूदन यादव, सुनील यादव, शंभू मिर्धा, प्रकाश यादव, मदन मंडल, संजय कुमार जोशी, कामदेव मंडल, खेरी सिंह, अशोक मंडल, भोली लायक, झक्षु राय, प्रभु राय, राजेश ठाकुर, मोहन मंडल, नरेश मंडल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## एसकेएम विश्वविद्यालय सिंडिकेट की बैठक में एकल एजेंडा पर हुई चर्चा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमकाः** एसकेएम विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक हुई। उक्त बैठक राजभवन से अनुमोदित एकल एजेंडे पर बैठक बुलाई गई थी। बैठक में, विश्वविद्यालय में चल रहे आवश्यकता आधारित सहायक प्रोफेसरों के नियुक्ति पैनल को मंजूरी दी गई थी। इसके साथ ही, नियुक्ति के परिणाम को प्रकाशित करने का मार्ग प्रसस्त हो गया। जल्दी परिणाम प्रकाशित किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि एसकेएमयू ने कुल 273 आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए मार्च माह में विज्ञापन जारी किया था। उक्त विज्ञापन के तहत 2977 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से जांच के बाद 2330 आवेदन सही पाये गये थे। सभी अभ्यर्थियों के आवेदनों का सत्यापन करने के बाद रिक्तियों की संख्या से पांच गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन



के लिए विश्वविद्यालय बुलाया गया। इसके बाद यूजीसी नियमावली के अनुसार रिक्तियों की संख्या से तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया, जिसमें विभिन्न विषयों के कुल 519 अभ्यर्थियों शामिल थे। अब विवि द्वारा एक विषय राजनीति विज्ञान को छोड़कर अन्य सभी विषयों की साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। राजनीति विज्ञान विषय का मामला न्यायालय में लंबित रहने के कारण इस विषय की नियुक्ति प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। राजनीति विज्ञान को छोड़कर अन्य 17 विषयों में नियुक्ति के लिए पैनल के अनुमोदन हेतु सिंडिकेट की बैठक हुई तथा सिंडिकेट ने पैनल के अनुमोदन के साथ ही परिणाम के प्रकाशन की मंजूरी दे दी है। बैठक में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ.राजीव कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ.जैनेंद्र यादव, स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तारनी प्रसाद सिंह, स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीलेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।




# फिल्म 'तुम्बाड' का नया पोस्टर हुआ जारी

फिल्म 'तुम्बाड', जो असल में साल 2018 में रिलीज हुई थी, वह 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में वापसी करते हुए फिर से रिलीज होने जा रही है। इस री-रिलीज से फैंस और नए दर्शकों को 'तुम्बाड' की डरावनी दुनिया का फिर से अनुभव करने का मौका मिलेगा। इस फि ल्म को एक काल्पनिक, पौराणिक गाँव में स्थापित हॉरर और फंतासी के अनोखे मिश्रण के लिए खूब पसंद और सराहा गया है। मेकर्स द्वारा अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया पर शेयर किए गए नए पोस्टर में तुम्बाड के खौफनाक माहौल को दिखाया गया है। इसमें नायक विनायक राव (सोहम शाह द्वारा निभाया गया किरदार) को अपने छोटे बेटे के साथ हाथ में लालटेन लिए, भयावह रात में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। दोनों किरदार एक खतरनाक सफर पर हैं, जो कहानी में मौजूद एक जोखिम भरे मिशन की ओर इशारा करती है। पोस्टर में दिखाई गई डरावनी छवियां, जिसमें एक गहरे, अलौकिक साये की मौजूदगी शामिल है, छिपे खजाने की खोज में उनके सामने आने वाले डर को पेश करती हैं। पोस्टर संग मेकर्स ने टैगलाइन दिया है, ह्लसिनेमाघरों में 13 सितंबर, 2024 को करें अनुभवह्व, इस तरह से यह बड़े पर्दे पर एक यादगार अनुभव का वादा करती है। तुम्बाड, जिसे राही अनिल बर्वे ने डायरेक्ट किया, आनंद गांधी ने क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में मार्गदर्शन किया और आदेश प्रसाद ने को-डायरेक्ट किया, को इसकी दिलचस्प कहानी, प्रभावशाली सिनेमैटोग्राफी और अद्भुत प्रोडक्शन डिजाइन के लिए बहुत सराहना मिली है। मितेश शाह, प्रसाद, बर्वे और गांधी द्वारा लिखित, फिल्म को सोहम शाह, आनंद एल राय, मुकेश शाह और अमिता शाह ने प्रोड्यूस किया था। विनायक राव की यह कहानी लालच और जुनून की गहराई में उतरने की है, जहां वह हस्तर नाम के दुष्ट प्राणी के पहरे में रखे गए एक पौराणिक खजाने की खोज में लगा है। 'तुम्बाड' क्रिटिकल रूप से सफल रही, जिसे 64वें फिल्मफेयर अवाड्र्स में आठ नॉमिनेशन हासिल हुए थे, जिसमें से बेस्ट सिनेमेटोग्राफी, बेस्ट आर्ट डायरेक्शन और बेस्ट साउंड डिजाइन के लिए तीन अवार्ड मिले थे। 'तुम्बाड' 75वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में क्रिटिक्स वीक सेक्शन में दिखाई जाने वाली पहली इंडियन फिल्म थी। सोहम शाह के दमदार परफॉर्मेंस के अलावा, कास्ट में ज्योति मालशे और अनीता दाते-केलकर शामिल थे, जिन्होंने फिल्म की कहानी को डरावनी और आकर्षक बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। तुम्बाड का सिनेमाघरों में वापस आने के साथ, यह री-रिलीज न सिर्फ फिल्म को फिर से देखने का मौका है बल्कि यह लालच, पौराणिक कथाओं और डरावनी दुनिया को एक बार फिर से देखने का अवसर है, जिसने छह साल पहले दर्शकों को रोमांचित किया था। यह फिल्म 2024 में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नहीं आएगी, इसलिए इसे देखने का सबसे बेहतरीन मौका 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में होगा, जो एक अनदेखा न करने वाला इवेंट है।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया-3' रिलीज को तैयार



**अभिनेता** कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म 'भूल भुलैया-3' की घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से उसका इंतजार कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन एक बार फिर रूह बाबा के किरदार से फैन्स का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के टीजर और रिलीज को लेकर एक्टर कार्तिक आर्यन ने बड़ा अपडेट दिया है। फिल्म भूल भुलैया-3 में कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी एक साथ नजर आएंगे। दर्शक इस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब एक्टर कार्तिक आर्यन ने फिल्म भूल भुलैया के टीजर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। कार्तिक आयरन ने फैंस के साथ खुशखबरी शेयर की और कहा कि फिल्म का टीजर जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया-2' वर्ष 2022 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। तभी से इस फिल्म के तीसरे पार्ट यानी 'भूल भुलैया-3' की डिमांड हो रही थी। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया-3' इस दिवाली रिलीज होगी। भूल भुलैया-3 के बारे में बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने कहा कि, 'मैं दिवाली पर भूल भुलैया-3 के स्क्रीन पर आने को लेकर काफी उत्साहित हूं।' हाल ही में एक इवेंट में एक्टर कार्तिक आर्यन ने फिल्म भूल भुलैया-3 को लेकर कहा कि फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि टीजर देखने के लिए प्रशंसकों का इंतजार जल्द ही खत्म हो जाएगा। कार्तिक ने कहा, ₹फिल्म का टीजर कुछ ही दिनों में फैंस के सामने आ जाएगा। फिल्म दिवाली पर रिलीज हो रही है, इसलिए मैं काफी उत्साहित हूं। टीजर बहुत अच्छा बनाया गया है। कार्तिक आर्यन ने कहा,पूरी टीम ने फिल्म देखी है और हर कोई इसे लेकर बहुत खुश और सकारात्मक है। फिल्म को अंतिम रूप दिया जा रहा है और भूल भुलैया- 3 का टीजर, ट्रेलर और गाने जल्द ही सामने आएंगे। पहले फिल्म का टीजर होगा कुछ ही दिनों में आप सभी के लिए ट्रेलर, गाने और फिर फिल्म उपलब्ध होगी।" कार्तिक के इस अपडेट के बाद इस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह चरम पर है।



# लक्ष्य और राघव जुयाल-स्टारर एक्शन फिल्म 'किल' 6 सितंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर

लक्ष्य और राघव जुयाल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म किल ओटीटी पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के दो महीने बाद, किल का प्रीमियर 6 सितंबर, 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर, स्ट्रीमर ने एक टाइटल मोशन वीडियो के साथ इस खबर की घोषणा की। हालांकि, क्लिप में फिल्म का कोई वीडियो नहीं दिखाया गया है और केवल एक लाल दृश्य दिखाया गया है, जो इसे हिंसक होने के लिए एक अलंकार के रूप में दिखा रहा है। फिल्म में, राघव जुयाल को पहले कभी नहीं देखे गए खलनायक अवतार में देखा गया था। उन्होंने कहा, किल के लिए ऑडिशन देने से लेकर लक्ष्य के साथ शूटिंग करने तक, फिल्म के लिए मेरा पूरा सफर मजेदार रहा है। जैसा कि मैंने हमेशा कहा है कि मैं कड़ी मेहनत करने से कभी पीछे नहीं हटा। किल के साथ, मुझे दुनिया को यह बताने का मौका मिला कि मैं भी अभिनय कर सकता हूं, और एक नकारात्मक भूमिका निभाना हमेशा एक बड़ी जिम्मेदारी होती है जिसके लिए बहुत दृढ़ विश्वास की आवश्यकता होती है। लक्ष्य और मैंने इसके लिए एक साथ बहुत सारी शारीरिक ट्रेनिंग की, जिससे वास्तव में हमारी बॉन्डिंग स्क्रीन पर भी बेहतर हुई। फिल्म में मेरे किरदार फानी के बारे में मुझे जो सबसे अच्छी बात लगी, वह है उसका ट्विस्टेड ह्यूमर और व्यंग्य। इस भूमिका के लिए शारीरिक रूप से तैयार होना मानसिक रूप से अधिक महत्वपूर्ण था, क्योंकि फानी एक चतुर लड़का है, और वह फिल्म में रोमांच लाता है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार द्वारा साझा किए गए एक प्रेस स्टेटमेंट में, नवोदित लक्ष्य लालवानी ने कहा, मैं इस फिल्म के माध्यम से मुझे मिले प्यार के लिए बेहद आभारी हूं। अपने किरदार अमृत के लिए, मैंने बहुत सख्त फिटनेस व्यवस्था से गुजरा। कई बार मैं भूमिका के अनुकूल होने के लिए अपनी सीमाओं से परे चला गया। निखिल सर वास्तव में पूरी प्रक्रिया में एक मार्गदर्शक शक्ति रहे हैं और मैं उन्हें अपना सबसे बड़ा गुरु मानता हूँ। एक्शन जॉनर को एक्सप्लोर करने के बाद मैं अलग-अलग भूमिकाएँ निभाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता! अब जब यह फि ल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है, तो मैं इस खतरनाक एक्शन और खून-खराबे का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों का इंतजार कर रहा हूँ। निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित, किल, जिसका प्रीमियर 2023 में टोरंटो इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल में हुआ था, 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। धर्मा प्रोडक्शंस और सिख्या एंटरटेनमेंट के तहत हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता, गुनीत मोंगा कपूर और अचिन जैन द्वारा निर्मित, एक्शन-थ्रिलर 6 सितंबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग शुरू करेगी।

# संजय लीला भंसाली की हीरामंडी को दो पुरस्कारों के लिए किया गया नामांकित




संजय लीला भंसाली की श्रृंखला हीरामंडीः द डायमंड बाजार को बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में एशिया कंटेंट अवाड्र्स और ह्यग्लोबल ओटीटी अवाड्र्स के लिए नामांकित किया गया हैं। 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार को एशिया कंटेंट अवाड्र्स और ग्लोबल ओटीटी अवाड्र्स में बेस्ट ओटीटी ओरिजिनल और सकल बन गाने के लिए बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग के लिए नामांकित किया गया है। इस श्रृंखला का निर्देशन मशहूर फिल्म निर्देश संजय लीला भंसाली ने किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, एशिया कंटेंट अवाड्र्स के लिए नामांकित होना सम्मान की बात है। मैं इसके लिए के लिए ज्यूरी और दर्शकों का आभारी हूं। एशिया कंटेंट अवाड्र्स और ग्लोबल ओटीटी अवाड्र्स 2024 समारोह छह अक्टूबर को दक्षिण कोरिया के बुसान सिनेमा सेंटर के बीआईएफएफ थिएटर में आयोजित किया जाएगा। प्रभासाक्षी ने इस खबर को संपादित नहीं किया है। यह खबर पीटीआई-भाषा की फीड से प्रकाशित की गयी है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुने गए समित द्रविड़

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर समित द्रविड़ को सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के लिए पहली बार भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया है। उत्तर प्रदेश के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद अमान को 50 ओवर की टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि मध्य प्रदेश के सोहम पटवर्धन चार दिवसीय मैचों के लिए टीम की अगुआई करेंगे।

**भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे हैं समित द्रविड़ :** भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे द्रविड़ ने हाल ही में कर्नाटक में अपना पहला सीनियर पुरुष टी20 टूनार्मेंट - महाराजा टी20 ट्रॉफी - खेला, जहाँ वे मैसूर वारियर्स टीम का हिस्सा हैं। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए, द्रविड़ ने सात पारियों में 114 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए, लेकिन उन्हें मध्यम गति की गेंदबाजी करने के लिए नहीं बुलाया गया। जिस दिन जूनियर चयनकताओं ने भारत की अंडर-19 टीम की घोषणा की, उस दिन मैसूर वारियर्स को टूनार्मेंट का सेमीफाइनल खेलना था। इस साल की शुरूआत में, 18 वर्षीय द्रविड़ ने कर्नाटक को अंडर-19 क्रिकेटरों के लिए चार दिवसीय प्रारूप टूनार्मेंट कूच बिहार ट्रॉफी जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आठ मैचों में 362 रन बनाए और 16 विकेट लिए, जिसमें मुंबई के खिलाफ फाइनल में दो विकेट शामिल हैं। भारतीय अंडर-19 टीम 21, 23 और 26 सितंबर को पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ तीन 50 ओवर के मैच खेलेगी, इसके बाद 30 सितंबर और 7 अक्टूबर को चेन्नई में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएँगे।




### भारतीय अंडर-19 पचास ओवर टीम

रुद्र पटेल (उपकप्तान), साहिल पारख, कार्तिकेय केपी, मोहम्मद अमान (कप्तान), किरण चोरमले, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), समित द्रविड़, युधाजीत गुहा, समर्थ एन, निखिल कुमार, चेतन शर्मा, हार्दिक राज, रोहित राजावत, मोहम्मद एनान।

### भारतीय अंडर-19 चार दिवसीय टीम

वैभव सूर्यवंशी, नित्या पंड्या, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), सोहम पटवर्धन (कप्तान), कार्तिकेय केपी, समित द्रविड़, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), चेतन शर्मा, समर्थ एन, आदित्य रावत, निखिल कुमार, अनमोलजीत सिंह, आदित्य सिंह, मोहम्मद एनान।

# ड्वेन ब्रावो ने 4 साल में तीसरी बार किया संन्यास का ऐलान, नहीं खेलेंगे टी20

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ड्वेन ब्रावो ने टी20 से संन्यास का ऐलान कर दिया है. वो अब से प्रोफेशनल टूनार्मेंट नहीं खेलेंगे. ब्रावो ने बताया कि कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन उनके लिए आखिरी प्रोफेशनल टूनार्मेंट होगा. इस सीजन के बाद वो किसी भी टी20 टूनार्मेंट में नजर नहीं आएंगे. उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है. सीपीएल में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले ब्रावो ने अपने संन्यास के बारे में बताते हुए लिखा कि सीपीएल 2024 उनका आखिरी सीजन होगा. वो अपना आखिरी प्रोफेशनल टूनार्मेंट अपने कैरेबियन फैंस के सामने खेलना चाहते हैं. ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ सीपीएल के सफर की शुरूआत हुई थी और अब इसी टीम के साथ वो इसे खत्म करना चाहते हैं.



ब्रावो ने 2021 में टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया था. यूएई में हुए टी20 वर्ल्ड कप में टीम के बुरे प्रदर्शन के बाद उन्होंने इंटरनेशनल टी20 को अलविदा कह दिया था. वहीं 2023 में आईपीएल से भी संन्यास ले लिया था. अब उन्होंने सीपीएल में भी अपने सफर को विराम देने का फैसला किया है. इस तरह वो 4 साल में 3 बार संन्यास का ऐलान कर चुके हैं. ड्वेन ब्रावो कैरेबियन प्रीमियर लीग के सबसे सफल खिलाड़ी हैं. इस लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड उन्ही के नाम है. ब्रावो ने सीपीएल के 103 मुकाबलों में 128 विकेट चटकाए हैं. इतना ही नहीं वो 5 बार सीपीएल ट्रॉफी भी जीत चुके हैं.

ड्वेन ब्रावो को टी20 का स्पेशलिस्ट माना जाता है. वो इस फॉर्मेट में दुनिया की लगभग हर लीग हिस्सा लेकर अपने टैलेंट का लोहा मनवा चुके हैं. वो टी20 में सबसे पहले 500 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी हैं. ब्रावो इस फॉर्मेट में 578 मुकाबले खेल चुके हैं और केवल गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी में भी कमाल दिखा चुके हैं. ब्रावो डेथ ओवर में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से मैच जिताने के लिए मशहूर हैं. वहीं अंतिम के ओवरों में छक्के लगाकर भी मैच जिताने की भी काबिलियत रखते हैं. टी20 में ब्रावो अब तक 630 विकेट चटका चुके हैं. वहीं बल्ले से 6970 रन भी बना चुके हैं.

# पेरिस पैरालम्पिक में मप्र की रुबीना फ्रांसिस ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

- रूबीना पैरालम्पिक गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की पहली खिलाडी बनी

एजेंसी

**भोपाल।** फ्रांस के पेरिस में 28 अगस्त से 08 सितम्बर 2024 तक आयोजित पैरालम्पिक गेम्स में शनिवार को मध्य प्रदेश राज्य खेल अकादमी की खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस ने वूमेंस 10 एम. एअर पिस्टल एसएच-1 इवेंट में कांस्य पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही रुबिना पैरालम्पिक गेम्स में पदक जीतने वाली प्रदेश की पहली खिलाडी बन गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रूबीना फ्रांसिस को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पेरिस में आयोजित पैरालिम्पक गेम्स में वूमेंस 10एम. एअर पिस्टल एसएच-1 इवेंट मे ईरान की जवानमार्दी एस. 236.8 अंको के साथ स्वर्ण पदक, तुर्की की ओज्गन ए. 231.1 अंको के साथ रजत और भारत की रूबीना फ्रांसिस ने 211.1 अंकों के साथ कांस्य पदक अर्जित किया।

**खेल मंत्री सारंग ने भी दी बधाई**

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी रूबीना फ्रांसिस के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने बताया कि रूबीना ने पैरालम्पिक में पदक जीतकर इतिहास रचा है। रूबीना प्रदेश के लिए नई रोल मॉडल बन गई है। विपरीत परिस्थितियों में पदक अर्जित कर रूबीना ने प्रदेश और देश को गौरवान्वित किया है।



### रूबीना फ्रांसिस की खेल उपलब्धियां

जबलपुर निवासी रुबीना फ्रांसिस वर्ष 2015 में राज्य खेल अकादमी से जुड़ी थी। यह रूबीना का दूसरा ओलम्पिक है। इससे पूर्व टोक्यो ओलम्पिक में पदक से वंचित हो गई थी। रूबीना ने लगातार वर्ष 2017 एवं 18 में 02 बार जूनियर रिकार्ड बनाया है और 01 बार वर्ष 2018 फ्रांस में वर्ल्ड रिकार्ड की बराबरी की थी। रूबीना फ्रांसिस ने 10 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक 03 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य सहित कुल 06 पदक अर्जित किये हैं। वही राष्ट्रीय स्तर पर भी 13 स्वर्ण, 03 रजत और 01 कांस्य सहित 17 पदक अर्जित कर प्रदेश का गौरव बढाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय निशानेबाज और जबलपुर की बेटी रूबीना फ्रांसिस को कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बेटी रूबीना की ये जीत देश के साथ प्रदेश के युवाओं खासकर बेटियों के लिए संघर्ष से सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि रूबीना की जीत का यह क्रम निरंतर चलता रहे और रूबीना इसी तरह देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश को भी गौरवान्वित करती रहें।

रूबीना की इस उपलब्धि पर खेल विभाग की अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज और खेल संचालक ने भी रूबीना के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बधाई दी है।

# किसान के खेत में मिले कुआं की खुदाई में निकला हड्डियो के अवशेष



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के सपही पंचायत के वार्ड नंबर 4 में एक किसान के खेत में गोलाकार कुआं जैसा एक गड्ढा मिला है।जिसकी खुदाई करने पर हड्डियों के अवशेष निकल रहे हैं। बताया गया कि कुआं का मुहाना करीब साढ़े तीन फुट का है। कुआं की करीब 15 फीट खुदाई की गयी।लेकिन अब तक उसकी गहराई का पूरा अंदाजा नही हो सका है।मिली जानकारी के अनुसार सपही के संतोष कुमार शनिवार को कुदाल से अपनी जमीन को समतल कर रहे थे। इसी दौरान कुदाल किसी वस्तु से टकरायी। देखा तो ईंट जैसा दिखाई दिया। जब उसने खुदाई की तो खेत में ईंट से बना कुएं का आकार दिखाई दिया। जिसे वह खोदते-खोदते 15 फुट नीचे तक नीचे चला गया, लेकिन अब तक पूरी गहराई का पता नहीं चल सका है।

खुदाई के दौरान केवल हड्डियों के अवशेष मिल रहे है।वही कुआं से निकलने वाली ईंटें भी दुर्लभ दिख रही हैं। जिस पर तरह-तरह के निशान बने हैं। हालांकि, इन ईंटों में मिट्टी सटे होने के कारण कुछ स्पष्ट नही दिख रहा है।

स्थानीय लोगो ने बताया कि ईटों की लंबाई-चौड़ाई भी अजीब है। इस वाक्या की जानकारी मिलने के बाद दुर्लभ हड्डियो के अवशेष को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने तुरकौलिया बीडीओ को आवश्यक निर्देश देते कहा है,कि आवश्यकता होने पर हड्डियों के इन अवशेषो की सबंधित विभाग से जांच करायी जायेगी।




पटना में बंगाली एसोसिएशन के सदस्यों ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति आज जिला न्यायपालिका राष्ट्रीय सम्मेलन को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिला न्यायपालिका के 800 से अधिक प्रतिभागियों वाले राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट के ध्वज और प्रतीक चिह्न का अनावरण भी करेंगी।

इससे एक दिन पूर्व शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने दो दिवसीय जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। सीजेआई की अध्यक्षता में दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन सत्र है।

### ददरी फॉल में बहा अधेड़ डेढ़ किमी दूर मिला शव

**मीरजापुर।** संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा स्थित ददरी फॉल पर परिवार के साथ पिकनिक मनाने आया अधेड़ नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया। लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर उसका शव बरामद किया गया। वाराणसी जनपद के लहरतारा निवासी अनिल रावत (55) शनिवार को परिवार के साथ पिकनिक मनाने ददरी फाल आया था। मृतक के पुत्र आदित्य (25) ने बताया कि बांध के दो फाटक खुले होने के कारण पानी का बहाव तेज था। सभी लोग फाल में किनारे ही नहा रहे थे। नहाते समय उसके पिता अनिल गहरे पानी की तरफ गए और तेज बहाव में बह गए। पिता को डूबते देख सभी लोग लाचार होकर चीखने-चिल्लाने लगे। पानी का बहाव तेज होने के कारण पिता का कहीं पता नहीं चला। वहां मौजूद पुलिस ने फाल के फाटक को बंद करवाया। लगभग पौन घंटे बाद फाल से डेढ़ किमी दूर एक पत्थर के पास शव पड़ा दिखा। उन्हें बाहर निकाल उपचार के लिए पीएचसी पटेहरा ले जाया गया, जहां परिक्षण के दौरान चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष संतनगर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नहाते समय फाल में बह जाने से अनिल रावत की मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में देशव्यापी साक्षरता सप्ताह आज से




**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू किए गए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितम्बर 2024 तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने शानिवार की देर शाम को बताया कि इस साक्षरता सप्ताह के दौरान, पूरे देश भर में, जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, और सतत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन आज रविवार को उल्लास रथ की रवानगी और शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न सेमिनार व सम्मेलन का आयोजन, दूसरे दिन 02 सितम्बर को समस्त शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास ह्यसबके लिए शिक्षाह्न पर केन्द्रित गीत, नृत्य, पेंटिंग जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, तीसरा दिन 03 सितम्बर को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों में उल्लास कार्यक्रम पर चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी तरह चौथे दिन 04 सितम्बर को उल्लास महिला साक्षरता पर केंद्रित कार्यक्रम और व्यावसायिक कौशल पर आधारित सामग्री का प्रदर्शन, पांचवां दिन 05 सितम्बर को शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास नवभारत साक्षरता पर केन्द्रित थीम पर भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन, छठवां दिन 06 सितम्बर को नवाचारी गतिविधियों का प्रदर्शन और सतत शिक्षा पर केंद्रित कार्यक्रम, सातवां दिन 07 सितम्बर को शैक्षणिक संस्थाओं में उल्लास साक्षरता रैली का आयोजन एवं अंतिम दिवस 08 सितम्बर को राज्य स्तरीय उल्लास मेला और अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### उडद सहित अन्य फसलों पर इल्लियों का प्रकोप, किसान ने 6 बीघा पर चलाया रोटावेटर

**मंदसौर।** जिले के मल्हारगढ़ तहसील क्षेत्र में किसान फसलों के वाजिब दाम नहीं मिलने से काफी परेशान हैं। ऊपर से इल्लियों, अफलन, पिलामोजेक ने मुंह आया निवाला छीन लिया है और किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। किसान अपनी खड़ी फसल पर रोटावेटर चलाने को मजबूर है। शनिवार को मल्हारगढ़ के गांव बालागुड़ा में किसान पवन पाटीदार ने अफलन व उपज के वाजिब भाव नहीं मिलने के कारण उड़द की फसल पर रोटावेटर चला कर नष्ट कर दी।

# मध्यप्रदेश में फिर से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव

## चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, 21 जिलों में भी तेज पानी गिरने की संभावना

एजेंसी

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। आज रविवार को प्रदेश के सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम और बैतूल जिले में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के 21 जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं। हालांकि राजधानी भोपाल और इंदौर में सुबह से धूप खिली है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2 दिन प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम बारिश कराएगा। जबलपुर समेत दूसरे जिलों में भी आज गरज-चमक की स्थिति और हल्की बारिश हो सकती है। शनिवार देर रात भी जबलपुर में पानी गिरा। इससे पहले शनिवार को उज्जैन, नौगांव, धार, गुना, नर्मदापुरम, इंदौर, खरगोन, सीधी और मलाजखंड में बारिश हुई।



उज्जैन में सबसे ज्यादा पौन इंच पानी गिर गया। नौगांव में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक यादव ने बताया कि 1-2 सितंबर को तेज बारिश का दौर बना रहेगा। 3 सितंबर को सिस्टम आगे बढ़ेगा। इससे बारिश की एक्टिविटी कम होगी।

प्रदेश में अब तक 34.2 इंच बारिश हो चुकी है। यह मानसून सीजन के कोटे के 91 प्रतिशत से अधिक है। 3.1 इंच पानी और गिरते ही प्रदेश में सामान्य बारिश का आंकड़ा भी पार हो जाएगा। प्रदेश के 10 जिलों में 40 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। मंडला में सबसे ज्यादा 47.12 इंच बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश वाले टॉप-10 जिलों में मंडला के अलावा सिवनी, सीधी, डिंडौरी, श्योपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा, रायसेन, नर्मदापुरम और सागर हैं। रीवा में सबसे कम 22.3 इंच बारिश ही हुई है।

### भारी बारिश के कारण गुवाहाटी के कई इलाके जलमग्न जन जीवन अस्त-व्यस्त

**गुवाहाटी।** शनिवार की शाम तथा आज सुबह हुई भारी बारिश के कारण गुवाहाटी के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। भारतीय मौसम विभाग द्वारा कल शाम भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी। प्रशासन द्वारा 7 से 11 सेमी बारिश होने की चेतावनी दी गई थी। शहर के कई इलाकों में पानी भर जाने के कारण आज सुबह से ही जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुवाहाटी के जीएस रोड, तरुण नगर, नबीननगर, जू रोड, अंबिकागिरी नगर, गणेशगुड़ी, चांदमारी, बेलतला, हाथीगांव, गीता नगर, छहमाइल, रुक्मिणीगांव, नूनमाटी, काहिलीपारा, जोराबाट समेत कई इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया है। बाढ़ के कारण यातायात बाधित हो चुका है। सड़कों पर गाड़ियां फंसी हुई हैं। लोगों के घरों में कई स्थानों पर कमर तक पानी भरा हुआ है। जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 39 रुपये तक महंगा, नई दरें लागू



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपये प्रति सिलेंडर का इजाफा किया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राष?ट्रीय राजधानी नई दिल?ली में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस की कीमत 39 रुपये बढ़कर अब 1691.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गयी है, जो पहले 1652.50 रुपये में मिल रहा था। वहीं, कोलकाता में इसका दाम बढ़ कर 1802.50 रुपये हो गया है, जो पहले 1764.50 रुपये था। इसी तरह मुंबई में कॉमर्शियल गैस की कीमत बढ़ कर 1605 रुपये से 1644 रुपये हो गयी है। इसके अलावा चेन्नई में ये सिलेंडर 1855 रुपये का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

# न्यू टाउन में रात के अंधेरे में व्यापारी की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

**कोलकाता।** शनिवार रात न्यू टाउन के इको पार्क के पास गोलीबारी की एक घटना सामने आई, जिसमें दो अज्ञात बदमाशों ने एक व्यापारी को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। विधाननगर पुलिस के खुफिया विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक व्यापारी का नाम नासिमुद्दीन खान है, जो भांगड़ का रहने वाला था। नासिमुद्दीन का ईंट का कारोबार था और वह शनिवार रात को अपने किसी काम से इको पार्क के सामने वाली सड़क से गुजर रहे थे। तभी, दो अज्ञात बदमाश बाइक पर सवार होकर आए और नासिमुद्दीन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। गोली लगने के बाद नासिमुद्दीन मौके पर ही गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी और तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर नासिमुद्दीन को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद न्यू टाउन जोन के डीसी मानव सिंगला भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घटना के बारे में स्थानीय सूत्रों का कहना है कि रात के समय उस इलाके में आमतौर पर लोगों की आवाजाही कम रहती है, जिसका फायदा उठाकर बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नासिमुद्दीन पर हमला क्यों किया गया, इसकी वजह का पता लगाया जा रहा है।

### जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी का पार्टी प्रवक्ता पद से इस्तीफा, राजीव रंजन संभालेंगे जिम्मेदारी

**पटना।** बिहार की सत्ता में काबिज जनता दल युनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से दूसरे नेता को यह जिम्मेदारी दी गई है। केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद को इस्तीफा दिया है। जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान ने पत्र जारी कर इसकी सूचना देते हुए बताया है कि पार्टी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर उनकी जगह दूसरे नेता को यह जिम्मेदारी दी गई है। जदयू की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि – रजनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीतीश कुमार (मुख्यमंत्री, बिहार) ने राजीव रंजन प्रसाद को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी ने निजी कारणों से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है।



# गैंगस्टर एक्ट के छह आरोपितों की 1 करोड़ 14 लाख की संपत्ति कुर्क

एजेंसी

**जालौन।** सीफूड के नाम पर गल्फ देशों में प्रतिबंधित मांस का संचालन करने वाले 06 आरोपितों की जिला प्रशासन ने एक करोड़ 14 लाख की संपत्ति को कुर्क किया है। डीएम के आदेश के बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस मामले में पुलिस अब तक आठ आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

घटना, एट थाना क्षेत्र की है। यहां पुलिस ने 21 दिसंबर 2023 को झांसी-कानपुर हाईवे स्थित टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर को रोककर कागजात मांगे, उसमें मांस भरा था। इस पर कंटेनर को थाने में खड़ा करा दिया गया था। पुलिस ने बताया था कि कंटेनर में 21 हजार किलोग्राम मांस लदा था। कंटेनर चालक हिमांचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के वाह गांव



निवासी नवीन कुमार ने कागजात दिखाए वो फर्जी निकले। जिस पर पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मांस को चेकिंग के लिए आगरा प्रयोगशाला भिजवाया था। जांच में मांस प्रतिबंधित निकला था। तब पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस को पता चला था कि गैंग के सदस्य मोहम्मद लईक और मोहम्मद जुबेर अपने दर्जन भर साथियों के साथ मिलकर गोमांस की सप्लाई बिहार और बंगाल के रास्ते गल्फ देशों में करते हैं। पुलिस इस मामले में अभी तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपितों पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई की थी। गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत ही आरोपितों के बैंक खातों में जमा राशि भी जब्त की गई है। इसमें गुलजार के खाते में एक लाख 38 हजार रुपये, सुल्ताना आतीक के खाते में एक करोड़ छह लाख 09 हजार रुपये, अतीक अहमद के खाते में 60 हजार रुपये और पॉश प्राइवेट लिमिटेड के खाते में 9 हजार रुपये शामिल हैं। कुल मिलाकर, एक करोड़ 14 लाख की संपत्ति को कुर्क किया गया है।

# छत्तीसगढ़ : पोला पर्व दो सितम्बर को, मिट्टी के खिलौनों से सजे बाजार

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पोला का त्यौहार किसान और बच्चों द्वारा 2 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर बच्चों के लिए व पूजा अर्चना के लिए मिट्टी से बने बैल व खिलौनों के बाजार सज कर तैयार हो चुके हैं। इस पर्व को लेकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुरवासियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, परिजन अपने बच्चों के साथ मिट्टी के खिलौनों से सजे बाजार में खरीद करने पहुंच रहे हैं। पोला पर्व में छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी, खुरमी जैसे पारंपरिक पकवान भी बनाए जाते हैं। पोला का पर्व किसानों का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। पोला पर्व किसानों और



खेतीहर मजदूर के लिए विशेष महत्व रखता है।

राजधानी रायपुर शहर के गोलबाजार, शास्त्री चौक, टिकरापारा, गुढ़ियारी , तेलीबांधा, संतोषी नगर बाजार समेत ग्रामीण अंचलों में नादिया बैल व पोला जाता बिक्री के लिए फुटपाथ पर दुकानें सजी हुई है। पूछपरख करने के साथ बाजार में खरीदी भी शुरू हो गई है। पोला पर्व के दिन इन मिट्टी के बैल और खिलौनों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी।

### क्यों पड़ा त्यौहार का नाम पोला

विष्णु भगवान जब कान्हा के रूप में धरती में आये थे, जिसे कृष्ण जन्माष्टमी के रूप मे मनाया जाता है. तब जन्म से ही उनके कंस मामा उनकी जान के दुश्मन बने हुए थे। कान्हा जब छोटे थे और वासुदेव-यशोदा के यहाँ रहते थे, तब कंस ने कई बार कई असुरों को उन्हें मारने भेजा था।एक बार कंस ने पोलासुर नामक असुर को भेजा था, इसे भी कृष्ण ने अपनी लीला के चलते मार दिया था, और सबको अचंभित कर दिया था। वह दिन भादों माह की अमावस्या का दिन था, इस दिन से इसे पोला कहा जाने लगा। यह दिन बच्चों का दिन कहा जाता है, इस दिन बच्चों को विशेष प्यार, लाढ देते है.

### पोला त्यौहार का महत्व

भारत, जहां कृषि आय का मुख्य स्रोत है और ज्यादातर किसानों की खेती के लिए बैलों का प्रयोग किया जाता है। इसलिए किसान पशुओं की पूजा आराधना एवं उनको धन्यवाद देने के लिए इस त्योहार को मनाते है। पोला दो तरह से मनाया जाता है, बड़ा पोला एवं छोटा पोला। बड़ा पोला में बैल को सजाकर उसकी पूजा की जाती है, जबकि छोटा पोला में बच्चे खिलौने के बैल या घोड़े को मोहल्ले पड़ोस में घर-घर ले जाते है और फिर कुछ पैसे या गिफ्ट उन्हें दिए जाते है। पोला पर्व में छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी, खुरमी जैसे पारंपरिक पकवान भी बनाए जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### यूपीएस के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने मनाया प्रतिरोध दिवस

**धनबाद :** केंद्र सरकार द्वारा लागू यूनिवर्सल पेंशन स्कीम (यूपीएस) के विरोध में धनबाद रेल मंडल के कर्मियों ने शनिवार को प्रतिरोध दिवस मनाया। ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लाइज यूनियन के बैनर तले धनबाद व गोमो रेलवे स्टेशन के कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यूनियन के सदस्य जुटे और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने की मांग की। यूनियन के धनबाद रेल मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साव ने कहा कि हमें न तो एनपीएस चाहिए, न ही यूपीएस, सिर्फ ओपीएस चाहिए। हम ओपीएस लेकर रहेंगे। यदि केंद्र सरकार ने ओपीएस लागू नहीं किया, तो पूरे रेलवे का चक्का जाम किया जाएगा। बीआर सिंह ने कहा कि यूपीएस तो एनपीएस से भी खराब है। यह पेंशन को खत्म करने की साजिश है।

उधर, गोमो रेलवे स्टेशन की क्रू लॉबी में कर्मियों ने प्रतिरोध दिवस मनाया। प्रदर्शन में एआईएलआरएसए के केंद्रीय सहायक महासचिव डीवी दीन, एआईजीसी से नीतीश कुमार, एआईएसएमए से पंकज कुमार, अखलेश कुमार, उमेश कुमार, सियाराम रजक आदि शामिल थे।

### मेगा नि:शुल्क ईसीजी शिविर में 500 लोगों की हुई जांच



**डुमरिया:** प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत बोमरो मध्य विद्यालय में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्वलित शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर विधायक ने कहा कि राज्य बनने के बाद 18 वर्षों तक भाजपा का शासन रहा। भाजपा के शासनकाल में पदाधिकारी कभी ग्रामीणों से नहीं मिलते थे। रांची और दिल्ली से सरकार चलती थी। हेमंत सोरेन सरकार आने के बाद हर प्रखंड और पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पदाधिकारी आपके द्वार आकर आवेदन ले रहे हैं। ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। विधायक ने कहा अब झारखंड के गांवों से सरकार चल रही है। 15 लाख से अधिक की परिसंपत्ति का वितरण विधायक के हाथों किया गया।

### कराटे में लातेहार के चार खिलाड़ियों ने लहराया परचम




**लातेहार:** पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित साउथ एशियन ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में लातेहार के कराटे खिलाड़ियों जिले का नाम रौशन किया है। उन्होंने विभिन्न स्पर्धा में कुल चार पदक जीतकर जिले ही नहीं वरन राज्य और देश का भी मान बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में 28 से 29 अगस्त को आयोजित किया गया था। पुरुष वर्ग में भाग ले रहे लातेहार जिले के मनिका प्रखंड के अक्षय कुमार सिंह ने अपने कुमेते स्पर्धा मे कांस्य पदक जीतकर देश का झंडा ऊपर किया। चार खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया। मनिका प्रखंड के शौर्या राज रजत पदक, चंदवा के अभिषेक एक्का कांस्य पदक, चंदवा के जीतू उरांव रजत पदक अपने कुमेते स्पर्धा मे पदक हासिल किये। टीम के साथ इंडियन गोजुरियो स्पोर्टस कराटे ड़ो एसोसियन के टीम मैनेजर शिहान नवीन रोजाडे (जयपुर) टीम कोच शिहान धर्मेंद्र कुमार (झारखंड) ऑफिसियल शिहान संजीब बासुभातरे (आसाम) थे। शिहान धर्मेंद्र कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### पति-पत्नी के बीच लड़ाई में पति की मौत

**लातेहार:** सदर थाना क्षेत्र के नेवाड़ी पंचायत के कैमा गांव में पति-पत्नी की लड़ाई में पति भुनेश्वर उरांव (40) की शुक्रवार की रात मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम साढ़े आठ बजे भुवनेश्वर नशे की हालत में घर आया था। इस बीच पति-पत्नी के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इस क्रम पत्नी कलावेती देवी ने पति को जोरदार धक्का दे दिया, जिससे वह मूर्छित होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद पति को उसी हाल में छोड़ कर पत्नी घर के अंदर चली गई। कुछ देर बाद परिजन जब भुवनेश्वर उठाने गए, तो उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं पत्नी का कहना है कि पति घर से निकलने के बाद रात को वापस आया ही नहीं था।

### आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को नहीं बेची जा सकती : रामदास

**चाईबासा :** सीएनटी एक्ट उल्लंघन के मामले मामले संज्ञान में आते हैं तो उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई करेंगे। आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को नहीं बेची जा सकती है। यह बातें जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने शनिवार को चांडिल में स्वागत समारोह में कहीं। रांची से घाटशिला जाने के क्रम में जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन का चांडिल में जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया गया। रांची से चौका पहुंचने पर चौका थाना के सामने फूलो-झानो चौक में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम के नेतृत्व में मंत्री रामदास सोरेन को बुके देकर स्वागत किया गया। रामदास सोरेन को जल संसाधन मंत्री बनाए जाने पर सुखराम हेम्ब्रम ने उन्हें बधाई दी। मौके पर पातकोम दिशोम माझी पारगाना महाल के महासचिव श्यामल मार्डी, जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं चांडिल गोलचक्कर में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू के नेतृत्व में मंत्री रामदास सोरेन का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार में काम करने के लिए बहुत कम समय मिला है। प्रयास रहेगा कम समय में ही प्राथमिकता के आधार पर कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर दिखे। उन्हें चांडिल डैम के विस्थापितों की समस्याएं पता है। बहुत विस्थापितों को ना मुआवजा मिला है ना पुनर्वास की सुविधा। ऐसी ही कई समस्या और उनके समाधान को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेने और सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए सोमवार को जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक होगी। इसमें विभाग के कार्यों की जानकारी लेंगे और विस्थापितों के हित में काम को आगे बढ़ाएंगे।

# मांडर प्रखंड में जर्जर सड़कों से परेशान अधिकारी, विकास योजनाओं पर सवाल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** मांडर प्रखंड में विकास कार्यों के दावे भले ही किए जा रहे हों, लेकिन जर्जर सड़कों की हालत कुछ और ही हकीकत बयां कर रही है। मलती पंचायत भवन जाने वाली सड़क की बदहाली का खामियाजा शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भुगतना पड़ा। ₹आप की योजना, आप की सरकार, आपके द्वार₹ कार्यक्रम के तहत मलती पंचायत भवन की ओर जा रहे अधिकरियों की गाड़ी दलदल और गड्ढों में फंस गई, जिसके चलते उन्हें घंटों मशक्कत करनी पड़ी।



बारिश के बाद मलती पंचायत की सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो गई है। यह समस्या सिर्फ अधिकारियों के साथ नहीं हुई है, बल्कि स्थानीय ग्रामीण और आस-पास के गांव के लोग भी इस खराब सड़क से रोजाना गुजरने को मजबूर हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों, विधायकों और सांसदों से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आने वाले चुनावों में वोट नहीं देंगे। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद सभी वादे भूल जाते हैं।

यह घटना एक बार फिर से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और लापरवाही की ओर इशारा करती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़कों की हालत नहीं सुधरती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

### माओवादी और टीपीसी संगठन का पूर्व सदस्य गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**लातेहार/रांची :** भाकपा माओवादी और टीपीसी संगठन का पूर्व सदस्य उपेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक रायफल भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने मनिका थाना क्षेत्र के पसांगन गांव स्थित उपेंद्र के घर पर छापेमारी की और उसको गिरफ्तार कर लिया। रविवार को लातेहार पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पूर्व में भी प्रतिबंधित माओवादी और टीपीसी संगठन का सक्रिय सदस्य रहा है।

## तज्जमुल हुसैन उर्फ जॉनी भाई के व्यवहार लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है

**ज्योति पाठक**

इन्सान का इन्सान से हो भाई चारा यही पैगाम हमारा या यूँ कहें जीवन चलने का नाम चलते रहो सुबहो शाम उक्त बातें चक्रधरपुर के सामाजिक कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले तथा पुरे जिला में वैक्सिनमैन के नाम से सुविख्यात तज्जमूल हुसैन उर्फ जॉनी भाई की जीवन का मूल मंत्र है। सरल मृदुभाषी और अपनापन तथा स्नेह उनकी सशक्त पहचान है।



सामाजिक कार्यों को प्रेरित करना रक्तदान शिविर में लोगों का उत्साहवर्धन करना, कोरोना काल में वैक्सिन हेतु शिविर लगाकर जनमानस की रक्षा हेतु गंभीर प्रयास उनकी विशेषता मानी जाती है। श्री हुसैन लोगों को नेत्र की सुरक्षा हेतु निरंतर जागरूक करने के साथ-साथ आँखों की सही देखभाल के लिए भी जनमानस को प्रेरित करते हैं। यही नहीं उनकी यह विशेषता है कि उनके पास पहुंचने पर अपनापन और स्नेह का जो प्रगाढ़ संबंध है वह काफी अलौकिक है। समय-समय पर मिडिया से जुड़े लोगों पर भी उनके द्वारा आँखों की देखभाल के लिए वे स्वयं पहल करते हैं और बढ़ती उम्र के फलस्वरूप आवश्यकताअनुरूप आँखों की देखभाल के लिए भी प्रेरित करते हैं। उनका अनुभव लोगों के लिए काफी कारगर सिद्ध और उपयोगी भी होता है। उनकी मित्रता भरा स्नेह संबंध लोगों को उर्जा प्रदान करती है। हाल ही में उनके द्वारा अपनी आई क्लिनिक को काफी बेहतर ढंग से सुविधानुरूप बनाया गया है जो लोगों के लिए काफी हितकारी है। ऐसे सामाजिक व्यक्ति से समाज को बेहतर दिशा और मार्गदर्शन भी मिलता है। हमें ऐसे व्यक्तित्व और व्यक्ति पर गर्व है जिनके द्वारा समाज और जनमानस के लिए बेहतर करने की आत्म ईच्छा है।

## युवा व्यवसायी विकास साह लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं

**बिनय मिश्रा**

व्यवसाय और व्यवहार एक दुसरे के पुरक होते हैं और बेहतर कुछ करने के लिए उसके लिए हमें नियमित प्रयास के फलस्वरूप सफलता भी मिलती है, जी हाँ! हम बात कर रहे हैं स्थानीय थाना रोड स्थित टी. वी. एस. शो रूम के संचालक एवं युवा व्यवसायी विकास साह युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं तथा व्यवसाय में इनके द्वारा बनाया गया कीर्तिमान भी काफी अलौकिक और उत्कृष्ठ है। श्री साह के शालिनता, व्यवहार कुशलता का ही यह परिणाम है कि उन्होंने अल्प समय में ही टी. वी. एस. शो रूम को ख्याति दिलाने के साथ-साथ व्यवसाय में काफी सफलता भी दिलायी। चक्रधरपुर अनुमण्डल मुख्यालय में उनके द्वारा टी. वी. एस. दोपहिये वाहन को जिस प्रकार से प्रसिद्धी और सफलता दिलायी है उसी का यह परिणाम है कि टी. वी. एस. कम्पनी के द्वारा इन्हें कई बार बेहतर ओर उत्कृष्ठ डीलर के रूप में पुरूस्कृत और सम्मानित किये जा चुके हैं। वहीं श्री साह बताते हैं कि उन्हें टी. वी. एस. प्रतिष्ठान को खोले कुछ वर्ष ही हुए हैं किन्तु लोगों के स्नेह विश्वास और अपनापन के फलस्वरूप वर्तमान समय में टी. वी. एस. दोपहिया वाहन जन अपेक्षा के अनुरूप लोगों के विश्वास पर हमेशा खरा उतरा है और इसी का यह सार्थक परिणाम है कि चक्रधरपुर पुरे झारखण्ड में अपना बेहतर पहचान बनाने में सफल रहा है। गौरतलब हो कि श्री साह टी. वी. एस. शो रूम के खोलने के पश्चात से दोपहिया वाहन के बजार में इसे काफी बेहतर माहौल में पहुंचाया है जो निश्चित तौर पर विकास साह की व्यक्तिगत उपलब्धि और कामयाबी है।



## उत्पाद सचिव से शिकायत पर तुरंत हुई कार्रवाई



**मेट्रो रेज संवाददाता**

उत्पाद सचिव मनोज कुमार के द्वारा एक ओर जहां विभाग अधीन कार्यों को बेहतर रूप से गति देने के साथ-साथ शिकायत मिलने पर लाईसेंसी शराब दुकान के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

वहीं आज चक्रधरपुर के दुकानों में अरविंद कुजूर सहायक आयुक्त उत्पाद चाईबासा एवं प्रवीण चौधरी अवर निरीक्षक उत्पाद सदलबल चक्रधरपुर पहुंचकर कई दुकानों को नियम का अनुपालन करते हुए बिक्री करने का निर्देश दिया और किसी प्रकार की शिकायत ना आए इसपर भी ध्यान देने को कहा है। आज इस औचक निरीक्षण से दुकानदारों में हड़कंप देखा गया। गौरतलब हो कि श्री कुजूर कुछ दिन पूर्व ही इस जिला में पदस्थापित हुए हैं।

### केंद्रीय टीम ने आयुष्मान सेंटर का लिया जायजा

**धनबाद :** स्वास्थ्य विभाग की केंद्रीय टीम ने शनिवार को गोविंदपुर के खड़काबाद स्थित आयुष्मान आरोग्य सेंटर का निरीक्षण किया। टीम ने उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। धनबाद के सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन व गोविंदपुर सीएचसी के प्रभारी डॉ विशेश्वर कुमार ने टीम को सेंटर पर मौजूद सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय टीम ने आयुष्मान आरोग्य केंद्र में टीकाकरण, ओपीडी सेवा, फैमिली प्लानिंग समेत स्वच्छता प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही कर्मियों व सहियाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। टीम की रिपोर्ट के आधार पर सेंटर को प्रमाणपत्र मिलेगा। यदि सब कुछ सकारात्मक रहा, तो सेंटर में स्थाई चिकित्सक समेत सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। टीम में बंगाल की डॉ अनन्या घोषाल मुखर्जी व ओड़िशा के डॉ कृष्णा शरण पाल शामिल थे।

## चान्हो में फिर घुसा जंगली हाथियों का झुंड, ग्रामीणों में दहशत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चान्हो:** प्रखंड के पतरातू गांव में शनिवार रात जंगली हाथियों का एक झुंड घुस आया, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, ये हाथी चान्हो जंगल से भटक कर रिहायशी इलाके में पहुंचे थे। हाथियों के प्रवेश से पतरातू और आस-पास के गांवों में डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी जंगली हाथियों का दल इन इलाकों के जंगलों में डेरा डाल चुका है, जिससे लोगों में लगातार चिंता बनी हुई है।

शनिवार की रात जब पतरातू गांव में हाथियों का झुंड देखा गया, तो ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग से हस्तक्षेप की मांग की। उनका कहना है कि हाथियों को जल्द से जल्द गांव से बाहर भगाया जाए, ताकि जान-माल की क्षति न हो। ग्रामीणों ने वन विभाग से समय पर कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### काला नमक फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**धनबाद :** धनबाद-बोकारो मार्ग पर कपुरिया के दुखितडीह स्थित काला नमक फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। फैक्ट्री को बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने शनिवार को फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना है कि कारखाने का जहरीला धुआं गांव में पहुंचकर वातावरण दूषित कर रहा है। लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। खासकर बच्चों व बुजुर्गों को ज्यादा समस्या हो रही है। आसपास के जलाशयों का पानी भी खारा हो गया है। इस पानी को पीने से पशुओं बीमार हो रहे हैं। महिलाओं के साथ आए कुछ ग्रामीणों ने कहा कि कारखाने का संचालन गैर कानूनी तरीके से किया जा रहा है। इसको लेकर कई बार जिला प्रशासन को पत्र भी सौपा गया है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन ने कारखाने को बंद नहीं किया।

### यूपीएस के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने मनाया प्रतिरोध दिवस

**धनबाद/ रांची :** केंद्र सरकार द्वारा लागू यूनिवर्सल पेंशन स्कीम (यूपीएस) के विरोध में धनबाद रेल मंडल के कर्मियों ने शनिवार को प्रतिरोध दिवस मनाया। ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लाइज यूनियन के बैनर तले धनबाद व गोमो रेलवे स्टेशन के कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यूनियन के सदस्य जुटे और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने की मांग की। यूनियन के धनबाद रेल मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साव ने कहा कि हमें न तो एनपीएस चाहिए, न ही यूपीएस, सिर्फ ओपीएस चाहिए। हम ओपीएस लेकर रहेंगे। यदि केंद्र सरकार ने ओपीएस लागू नहीं किया, तो पूरे रेलवे का चक्का जाम किया जाएगा। बीआर सिंह ने कहा कि यूपीएस तो एनपीएस से भी खराब है।

## 18 पंचायत व 2 नगर निकाय में आयोजित हुआ आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

### दो दिन में 13814 आवेदन 2149 का निष्पादन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के 10 प्रखंड के 18 पंचायत तथा 02 नगर निकायों में शिविर लगाया गया। विधानसभावार आयोजित अधिकांश शिविरों में स्थानीय विधायक व पंचायत जनप्रतिनिधि शामिल हुए। दो दिनों में शिविर में 13814 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 2149 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। शिविर में अधिकांश आवेदन सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अबुआ आवास योजना के आ रहे हैं। शिविर में अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में संशोधन और बिजली बिल से संबंधित शिकायत, 15वें वित्त आयोग, जनजातीय कल्याण और मनरेगा योजना से जुड़े स्टॉल लगाए जा रहे हैं।



**योजनाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने का प्रयास : मंगल कालिंदी**

शनिवार को जमशेदपुर प्रखंड के लुआबासा व खाकड़ीपाड़ा पंचायत में शिविर का का उद्घाटन जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से और यह शिविर आयोजित कर रही है। जिससे लोगों को प्रखंड व जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़े। गांव में ही समस्याओं का निष्पादन कर योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कई लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया।

### पिकअप ने स्कूटी सवार दो चचेरी बहनों को ठोका, एक की मौत

**चाईबासा :** महुलसाई (मतकमहातु) में रविवार की सुबह एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने स्कूटी सवार दो लड़कियों को ठोक दिया। इस दुर्घटना में एक लड़की की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद स्कूटी चालक ने करीब 400 मीटर तक घसीटा। लड़की की दर्दनाक मौत से स्थानीय लोग भयभीत हो गए। दूसरी घायल हो गयी। स्थानीय लोगों ने पिकअप वैन के चालक को पकड़कर खंभे से बांध दिया और पुलिस को सूचित कर दिया। घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों खूंटा गांव की हैं और चचेरी बहन हैं। घटना को देखने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लड़की को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। घटना के पश्चात परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।